* ओड़िशा संस्करण
22 अक्टूबर, 2023
अश्विन, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 05

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

**FLORENCE**
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
Admission OPEN 2023-24
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING: ANM GNM, POST BASIC B.SC., BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL: DRESSERS DMLT ECG, X-RAY OPHTHALMIC, ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY: D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

**PARADISE FURNITURES**
EXCLUSIVE FURNITURE DISCOUNT 15%OFF
World Class Furniture....
7 DAYS OPEN
BIGGEST SHOWROOM SUNDAY OPEN
A HOUSE OF INNOVATIVE (INDIAN) IMPORTED INDOOR & OUTDOOR FURNITURE
Buy Sofa set & get Centre Table FREE
Buy Bed set & get Mattress FREE
Buy Dinning Table & get Cabinet FREE
Buy Mattress & get Bedsheet + Pillow FREE
.... and many more
Exchange Your old furniture Get Flat 30% *off on new furniture! Enjoy Flat 15% off without exchange
0% FINANCE FACILITY
BAJAJ FINSERV
Argora By Pass Road, Harmu, Ranchi
Phone : 0651-2244167, 7781014100
7781014101, 7781014102

**दुर्गा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं**
USED CARS
AFFORDABLE YOUR POCKET
राकेश कुमार महेन्द्रु "बिल्लु बाबू"
राणा ऑटोमोबाइल्स
संस्थापक
विनेक्स क्लब दुर्गा पूजा समिति
बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, रांची
All Type of Luxury Cars & SUV Available ● Finance & Insurance Facility Available
RANA AUTOMOBILES
First Exclusive Showroom of Pre-owned Cars in Jharkhand
All Type of Luxury Cars & SUV Available ● Finanace & Insurance Facility Available
Karamtoli Bariatu Road, Ranchi-08 | Ph. : 0651-2547677, 9835160928, 8210219860

**VVPS**
VIDYA VIKAS PUBLIC SCHOOL
Morabadi - Boreya Road, Ranchi - 834006
CBSE Affiliation No : 3430297
VVPS Little PLANET
An English Medium Co-Educational Sr. Sec. (+2) School
"for young super heroes and cute little Kids"
May Goddess Durga Illuminate your life with countless blessings, Happy Navratri!
ADMISSION OPEN
SESSION: 2024-2025
For Classes Pre Nursery to Class IX
Transport Facility available
Specially Designed Classrooms for Nursery Wing
Fully equipped Labs & library
Attractive Classroom Ambience
Email id : vvpsranchi@gmail.com
Website : vvpsranchi.in | Facebook : vvpsranchi.com
Contact : 0651-2910081, 9431351910, 8409411003
Forms are available at School Office between 8:30 am - 3:00 pm

**BRN CABS OPC PVT. LTD.**
OFFER INTERNATIONAL TOUR VISA
Services for all Countries, Flight ticket & Car Rental
Website : www.brncabs.com | www.brntrips.com
BRN CABS
We Offer International Trip..
- Thailand Tour
- Dubai Tour
- Europe Tour
- Visa Services
www.brintrips.com
International Tour
दशहरा, दिवाली एवं छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
Consult for Franchise.
Rahul Burman
Managing Director
Hehal Pahan Toli, Opposite Hehal Anchal Office, Ranchi-834005
(Jharkhand) brncabservice@gmail.com +916203631526

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# झारखंड भाजपा में अब कौन बनेगा ओबीसी का चेहरा

## ■ रघुवर दास को राज्यपाल बनाये जाने के बाद उठ रहा है सवाल

आजाद सिपाही विशेष

**भाजपा ने अपने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को राज्यपाल बनाने का फैसला कर भले ही राजनीतिक दृष्टिकोण से बड़ा कदम उठाया है, लेकिन इसके साथ ही उसके सामने एक बड़ी चुनौती भी खड़ी हो गयी है। झारखंड भाजपा में रघुवर दास के बाद अब कोई ऐसा ओबीसी चेहरा नहीं है, जिसकी पहचान पूरे राज्य में हो। रघुवर दास झारखंड में भाजपा के ओबीसी के सबसे बड़े और प्रभावी चेहरा थे। इसलिए मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद भी लोगों में वह लोकप्रिय थे। इसके अलावा सबसे खास बात यह है कि जातीय राजनीति के इस दौर में रघुवर दास झारखंड भाजपा में ओबीसी का सबसे बड़ा चेहरा थे। इसलिए उनके समर्थकों के अलावा भाजपा के आम कार्यकर्ता यह सवाल पूछ रहे हैं कि रघुवर दास के स्थान पर पार्टी अब किसे ओबीसी का चेहरा बनायेगी या कौन नेता इसके लिए फिट है। रघुवर दास के स्थान पर जिन दो नेताओं का नाम सबसे पहले लिया जा रहा है, उनमें एक जयप्रकाश भाई पटेल हैं, जिन्हें भाजपा ने विधानसभा में सचेतक बनाया है और दूसरे आदित्य साहू हैं, जो राज्यसभा के सांसद हैं। जयप्रकाश भाई पटेल कुर्मी के नेता हैं, जबकि आदित्य साहू उसी वैश्य साहू समुदाय से हैं, जिससे रघुवर दास आते हैं। लेकिन आदित्य साहू की पहचान आज भी राज्य स्तर पर नहीं है, इसलिए वह रघुवर दास का विकल्प नहीं हो सकते हैं। इस तरह भाजपा को अब झारखंड में एक ऐसा ओबीसी और खास कर वैश्य साहू चेहरा चाहिए, जो आर्थिक रूप से ताकतवर इस समुदाय का समर्थन उसे दिला सके। इस तरह रघुवर दास को राज्यपाल नियुक्त किये जाने का फैसला भले ही भाजपा के लिए लाभदायक दिख रहा हो, रघुवर दास के विकल्प की चिंता उसके भीतर पैदा होने लगी है। क्या है भाजपा की चिंता और क्या है इससे निबटने की उसकी रणनीति, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

भाजपा ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को ओड़िशा का राज्यपाल नियुक्त करने का फैसला कर पार्टी की प्रदेश इकाई में चल रही गुटबाजी को एक झटके में खत्म तो कर दिया है, लेकिन अब इसके सामने नयी चुनौती खड़ी हो गयी है। यह चुनौती है रघुवर दास का विकल्प तैयार करने की। रघुवर दास झारखंड के मुख्यमंत्री रहने के अलावा पार्टी के स्थापना काल से ही इससे जुड़े रहे। संघ परिवार के अनुशासन की भट्ठी में तप कर राजनीति के मैदान में आये रघुवर दास न केवल भाजपा के बड़े नेताओं की कतार में शुमार थे, बल्कि झारखंड समेत पूर्वी भारत में वैश्य साहू जाति के सबसे बड़े नेता भी रहे। झारखंड में वैश्य साहू समुदाय अन्य पिछड़ा वर्ग, यानी ओबीसी में शामिल है, तो जाहिर है, इसका समर्थन पूरी तरह भाजपा को मिलता रहा है। झारखंड भाजपा में रघुवर दास की स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पार्टी के भीतर आज तक उनकी जाति का कोई दूसरा नेता उनके कद का नहीं बन सका है। इसलिए रघुवर दास के समर्थक और भाजपा के ग्रासरूट स्तर के नेता अब इस बात को लेकर चिंतित हैं कि अब वैश्य साहू समुदाय का वोट भाजपा के पाले में कौन डलवायेगा।



### झारखंड में 40 फीसदी है ओबीसी आबादी

जहां तक झारखंड में ओबीसी आबादी का सवाल है, तो इसका सबसे विश्वसनीय आंकड़ा 2011 में करायी गयी जनगणना की रिपोर्ट है। इसके मुताबिक झारखंड में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के करीब 1.33 करोड़ लोग रहते हैं। यह राज्य की कुल आबादी 3.29 करोड़ का 40.43 फीसदी है। आंकड़े के अनुसार ओबीसी की सबसे अधिक संख्या गिरिडीह जिले में है। यहां इनकी आबादी 15.42 लाख है, जो जिले की कुल आबादी का करीब 63 फीसदी है। इसके बाद फीसदी के आधार पर सर्वाधिक ओबीसी देवघर, पलामू, सरायकेला तथा चतरा जिले में हैं। हालांकि ओबीसी जनसंख्या के लिहाज से धनबाद (11.54 लाख) दूसरे और रांची (10.54 लाख) तीसरे नंबर पर हैं, लेकिन प्रतिशत के आधार पर ये दोनों जिले पीछे हैं। इसी आधार पर झारखंड में ओबीसी का आरक्षण प्रतिशत 14 से बढ़ा कर 27 किया गया था, लेकिन उसको मान्यता नहीं मिली। जहां तक वैश्य साहू आबादी का सवाल है, तो झारखंड में इनकी आबादी 33 लाख के करीब बतायी जाती है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण यह है कि यह समुदाय राज्य की आधा दर्जन विधानसभा सीटों पर निर्णायक भूमिका में होती है और आर्थिक रूप से बेहद ताकतवर है।

### क्या है वोटों का समीकरण

झारखंड विधानसभा में अनुसूचित जनजाति के लिए नौ सीटें आरक्षित हैं। 2019 में इनमें से छह सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की थी। लोकसभा की 14 में से एक सीट पलामू अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है, जिस पर फिलहाल भाजपा का कब्जा है। लेकिन विडंबना यह है कि विधानसभा में भाजपा के 25 विधायकों में बिरंची नारायण और नवीन जायसवाल को छोड़ कर कोई वैश्य साहू जाति का विधायक नहीं है।

### बिरंची नारायण नहीं हो सकते विकल्प

भाजपा ने रघुवर दास को राज्यपाल बना कर उनके राजनीतिक करियर पर फिलहाल विराम तो लगा दिया है, लेकिन अब उसके नेता वैश्य साहू वोट को लेकर चिंतित हैं। झारखंड अलग राज्य बनने के बाद से ही इस जाति का वोट हमेशा भाजपा को मिलता रहा। इसका सारा श्रेय रघुवर दास को जाता है। पार्टी ने 2019 में सत्ता से बाहर होने के बाद इस जाति को संतुष्ट करने के लिए विरंची नारायण को मुख्य सचेतक बनाया हुआ है, लेकिन उनकी पहचान विधानसभा के भीतर या फिर उनके क्षेत्र बोकारो तक ही सीमित है। इसलिए उन्हें रघुवर दास का विकल्प तो कतई नहीं माना जा सकता है। भाजपा की असली चिंता यही है।

### आदित्य साहू की पहचान भी सीमित

भाजपा में वैश्य साहू समाज के दूसरे बड़े नेता आदित्य साहू हैं, जिन्हें पार्टी ने हाल ही में राज्यसभा में भेजा है। वह एक कुशल संगठनकर्ता तो हैं, लेकिन मुख्य धारा की राजनीति में उनकी पहचान सीमित ही रही है। राज्यसभा में भी उनका अब तक का प्रदर्शन कोई खास नहीं रहा है। हालांकि पिछले चुनाव में उन्हें मुकाबले में उतारने की जोरदार तैयारी हुई थी, लेकिन बाद में किसी कारण से उसे टाल दिया गया।

### भाजपा के सामने बड़ी चुनौती

इस तरह अब भाजपा के सामने बड़ी चुनौती पैदा हो गयी है। पार्टी ने एक आदिवासी को प्रदेश अध्यक्ष बना कर उन्हें फ्री हैंड तो दे दिया है, लेकिन एक प्रभावशाली जाति का वोट खिसकने का खतरा भी पैदा हो गया है। अनुसूचित जाति के विधायक को विधायक दल का नेता और ओबीसी के दो नेताओं के साथ एक ब्राह्मण को सचेतक बना कर भाजपा ने सामाजिक संतुलन तो बनाया है, लेकिन वैश्य साहू जाति का समर्थन हासिल करने के लिए वह क्या करेगी, यह बड़ा सवाल है।

---

### भाजपा की 83 उम्मीदवारों की सूची जारी

# वसुंधरा राजे झालरापाटन से लड़ेंगी चुनाव, समर्थकों को भी मिला टिकट

राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने 83 उम्मीदवारों की सूची शनिवार को जारी कर दी। पहली सूची में भाजपा ने 41 उम्मीदवार घोषित किये थे। भाजपा अब तक 124 नामों का एलान कर चुकी है, जबकि 76 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा होना बाकी है। दूसरी सूची में पूर्व मुख्यमंत्री से लेकर मौजूदा नेता प्रतिपक्ष, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व राजघरानों से ताल्लुक रखनेवाले नेताओं के नाम शामिल हैं।



### वसुंधरा झालरापाटन से मैदान में

राजस्थान चुनाव में सबसे बड़ा सस्पेंस यही बना हुआ था कि क्या वसुंधरा राजे सिंधिया विधानसभा चुनाव लड़ेंगी। भाजपा की दूसरी सूची में सबसे बड़ा नाम वसुंधरा राजे का ही है। वह झालावाड़ की झालरापाटन विधानसभा सीट से पांचवीं बार चुनाव लड़ेंगी। वहीं वसुंधरा के समर्थकों को भी भाजपा की दूसरी सूची में मौका मिला है। प्रताप सिंह सिंघवी को छाबड़ा सीट से फिर से टिकट मिला है। वह यहीं से मौजूदा विधायक हैं। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कालीचरण सराफ को भी मालवीय नगर से फिर से टिकट मिला है।

### इन्हें भी टिकट

नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ की सीट बदल दी गयी है। वह इस बार चुरू जिले की तारानगर सीट से चुनाव लड़ेंगे। पिछली बार वह चुरू से जीते थे। चुरू से उनकी जगह हरलाल सहारण को टिकट दिया गया है। आमेर से भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया को टिकट दिया गया है। कांग्रेस से भाजपा में आयीं पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा को नागौर से उम्मीदवार बनाया गया है। पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोसिंह शेखावत के दामाद नरपत सिंह राजवी को चित्तौड़गढ़ से उम्मीदवार बनाया गया है। वह पिछली बार जयपुर की विद्याधर नगर सीट से चुनाव लड़े थे, जहां से इस बार भाजपा ने सांसद और जयपुर के पूर्व शाही घराने से ताल्लुक रखनेवालीं दीया कुमारी को टिकट दिया है। राजसमंद से दीप्ति माहेश्वरी को टिकट दिया गया है। वह दिवंगत भाजपा नेता रहीं किरण माहेश्वरी की बेटी हैं। यहां हुए उपचुनाव में दीप्ति ही निर्वाचित हुई थीं। नाथद्वारा से कुंवर विश्वराज सिंह मेवाड़ को टिकट दिया गया है। मेवाड़ के पूर्व शाही घराने से ताल्लुक रखने वाले विश्वराज कुछ दिन पहले भाजपा में शामिल हुए थे। यहां से विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी कांग्रेस के मौजूदा विधायक हैं। कांग्रेस ने दोबारा जोशी को ही यहां से मैदान में उतारा है। बीकानेर के पूर्व राजघराने से संबंध रखनेवालीं सिद्धि कुमारी बीकानेर पूर्व से फिर से चुनाव लड़ेंगी। पिछली बार वह इस सीट से जीती थीं।

---

## राजनीतिक हलचल

### राजस्थान : कांग्रेस की 33 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी

# पायलट टोंक तो गहलोत सरदारपुरा से लड़ेंगे चुनाव, बागियों को भी टिकट

लंबे इंतजार के बाद आखिरकार कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी गयी। पहली सूची में पार्टी ने 33 उम्मीदारों के नामों का एलान किया है। कांग्रेस की पहली सूची में अशोक गहलोत के साथ ही सचिन पायलट, दिव्या मदेरणा, गोविंद सिंह डोटासरा, डॉ अर्चना शर्मा, ममता भूपेश के साथ ही अशोक चांदना का नाम भी शामिल है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सरदारपुरा से चुनाव लड़ेंगे। वहीं, सचिन पायलट टोंक से, ममता



भूपेश सिकराई (अजा) से, दिव्या मदेरणा ओसियां से चुनाव मैदान में उतारी गयी हैं। पहली सूची में सीपी जोशी का नाम भी शामिल है, जिनके नाम को लेकर आशंकाएं जतायी जा रही थीं।

### 2020 में बागी हुए विधायकों को भी टिकट

2020 में सचिन पायलट के साथ बगावत करनेवाले कई विधायकों को भी कांग्रेस की पहली सूची में टिकट मिला है। विराटनगर सीट से इंद्राज गुर्जर को फिर से टिकट मिल गया है। इसी तरह लाडनू सीट से मुकेश भाकर फिर से टिकट पाने में सफल रहे हैं। वहीं, वल्लभनगर से विधायक गजेंद्र सिंह शक्तावत का टिकट जरूर कट गया है, लेकिन उनकी जगह उनकी पत्नी प्रीति को टिकट दिया गया है। इसी तरह परबतसर से विधायक रामनिवास गावड़िया भी फिर से टिकट पा गये हैं। सचिन पायलट का साथ देनेवालों को टिकट मिला है, साथ ही उनको चुनौती देने वाले अशोक चांदना को भी पार्टी ने टिकट दिया है।

# मध्यप्रदेश: भाजपा की पांचवीं सूची में 92 नाम, तीन मंत्रियों के टिकट काटे

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपनी एक और सूची जारी कर दी। इस सूची में 92 नामों की घोषणा की गयी है। इसमें 12 महिला हैं। चुनाव केंद्रीय समिति की बैठक में शेष 94 नामों पर चर्चा हुई है। इसके बाद यह सूची जारी की गयी। बता दें कि गुना और विदिशा से भाजपा ने नाम रोके हैं। प्रदेश की 227 सीटों पर मुकाबला लॉक हो गये हैं। भाजपा अब तक कुल 228 नाम पर मुहर लगा चुकी है। दो सीटों पर नामों का एलान होना बाकी है। गौरतलब है कि भाजपा ने 17 अगस्त को पहली सूची जारी की थी। इसमें 39 नाम थे। फिर दूसरी सूची में भी 39 नाम सामने आये थे। इसमें तीन केंद्रीय मंत्री समेत सात सांसदों को टिकट दिये गये थे। इस सूची में तीन विधायकों के टिकट काट दिये थे। तीसरी सूची में एक नाम था। चुनावों की तारीख घोषित होते ही भाजपा ने चौथी सूची जारी



की थी। चौथी सूची में भाजपा ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत 25 मंत्रियों को टिकट दिये थे। 57 प्रत्याशियों की इस सूची में सभी वर्तमान विधायकों को टिकट दिये गये हैं। अब पांचवीं सूची जारी की है। पांचवीं सूची भी कई दिनों से टल रही थी। लगातार कई बैठकों के बाद पांचवी सूची सामने आयी है। कई लोग इसे भाजपा की रणनीति भी बता रहे हैं। कहना है कि कांग्रेस की सूची का इंतजार किया जा रहा था।

शिवपुरी से ज्योतिरादित्य सिंधिया की बुआ यशोधरा राजे सिंधिया का टिकट काटकर देवेंद्र कुमार जैन को दिया गया है। यशोधरा राजे सिंधिया चुनाव लड़ने से इनकार कर चुकी थीं। वहीं, बीजेपी के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय के बेटे आकाश विजयवर्गीय का टिकट कट गया है। इंदौर-3 से राकेश गोलू शुक्ल को बीजेपी ने मैदान में उतारा है। आकाश विजयवर्गीय फिलहाल इंदौर-3 से बीजेपी विधायक हैं। वहीं ग्वालियर पूर्व से माया सिंह को और ग्वालियर साउथ से नारायण सिंह कुशवाह को टिकट मिला है। साथ ही भोपाल दक्षिण पश्चिम विधानसभा से पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता का भी टिकट कट गया है, उनकी जगह भगवान दास सबनानी पर पार्टी ने भरोसा जताया है। बालाघाट से मंत्री गौरीशंकर बिसेन का टिकट काटकर उनकी बेटी मौसम बिसेन को टिकट मिला है। 2 दिन पहले कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में आये सिद्धार्थ राज तिवारी को बीजेपी ने त्योंथर से मैदान में उतारा है।

22 अक्टूबर, 2023
अश्विन, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 05

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही




## या देवी सर्वभूतेषु माँ महागौरी रूपेण संस्थिता।।
## नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥



रांची की दुर्गाबाड़ी स्थित मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा। - फोटो: प्रदीप ठाकुर

# 'मां' का दर्शन कर मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

### ढाकी, ढोल, घंटी और शंख की ध्वनि से गुंजायमान है रांची
### सुबह से रात तक श्रद्धालुओं का लग रहा तांता

**सलोनी प्रजापति**

**रांची।** दुर्गोत्सव का रविवार यानी आज महाअष्टमी है। श्रद्धालुओं की पूजा-अर्चना चरम पर है। मां के नौ रूपों में माता पंडालों में पधार चुकी हैं। रांची के सारे पंडाल श्रद्धालुओं के लिए खुल चुके हैं। ढाकी, ढोल, घंटी और शंख की ध्वनि से पंडाल के आसपास का इलाका गुंजायमान हो रहा है। मां की भक्ति में भक्त तरबतर हैं। पंडालों में माता का दर्शन कर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो रहे हैं। इन सबके बीच रांची के पंडाल श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुए हैं। सुबह से रात तक हर पंडाल में श्रद्धालुओं की भीड़ एक समान दिख रही है।

### चारों पहर का आनंद उठा रहे लोग

यूं तो दुर्गोत्सव की तैयारी दो महीने पहले शुरू हो जाती है, पर पूजा के 10 दिन श्रद्धालुओं के लिए खास होता है। श्रद्धालु चारों पहर यानी सुबह, दिन, शाम और रात का अलग-अलग अनंद उठाते हैं। सप्तमी की पूजा से पंडालों में सुबह से दिन तक मां की पूजा में भक्तगण विभोर दिखे। शाम की आरती ने भक्तों को झूमा दिया, तो रात में पंडालों का आकर्षण, बिजली की सजावट, सांस्कृतिक कार्यक्रम, डांडिया आदि ने उन्हें घर से निकलने पर मजबूर कर दिया। सुबह सवेरे 9-10 बजे का समय हो या 1-2 बजे, जहां भी 'मां' मौजूद हैं, वहां भक्तों का तांता एक समान दिखा।

### रात नहीं हो रही रांची की

पूजा समितियां अपने-अपने पंडालों को आकर्षक बनाने के लिए अलग-अलग थीम चुनती हैं और उसके अनुसार पंडाल बनते हैं। इस बार भी रांची में पूजा पंडाल अलग-अलग थीम पर तैयार किये गये हैं। रेलवे स्टेशन के पूजा पंडाल में महिला शक्ति को दिखाया गया है, तो बांधगाड़ी के पंडाल में रामावतार के सारे रूपों को दर्शाया गया है। अल्बर्ट एक्का चौक के पास चंद्रशेखर आजाद क्लब दुर्गा पूजा पंडाल तो अपनी अलग ही भव्यता लिये हुए है। यहां विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम और लाइटिंग की प्रस्तुति सबका ध्यान आकर्षित कर रही है। श्रद्धालुओं की आवभगत के लिए अध्यक्ष रमेश सिंह के साथ पूरी टीम हर क्षण तैयार है। इसी तरह से रांची के पंडाल अलग-अलग थीम पर बने हैं। रंग-बिरंगी लाइटें दूर से ही लोगों को लुभा रहीं। वहीं पंडाल के आसपास खाने-पीने का सामान, खिलौना, बच्चों के झूले आदि लोगों को अपनी ओर खींच रहे। षष्ठी की रात को पंडाल खुलने के बाद से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। शुक्रवार शाम 6 बजे से श्रद्धालु पंडाल पहुंचने लगे। रात 1.30 बजे रांची रेलेवे स्टेशन का पंडाल हो, या फिरायलाल और बकरी बाजार का पंडाल, जितनी संख्या में लोग निकल रहे थे, उतनी ही संख्या में लोग पहुंच रहे थे। रांची शहर के विभिन्न इलाकों में ऐसा लग रहा था मानो रांची में रात ही नहीं हुई है। शनिवार की सुबह श्रद्धालुओं की पूजा से शुरू हुई और देर रात तक पूरा शहर भक्तिमय दिखा। कहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, तो कहीं डांडिया नाइट चला। खबर लिखे जाने तक यानी रात के 11.30 बजे तक शहर में रात होने का एहसास ही नहीं हो रहा था। श्रद्धालुओं की भीड़ और उत्साह यह बता रही थी, यह दृश्य सारी रात देखने को मिलनेवाला है।

### प्रशासनिक और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त

पुलिस-प्रशासन के साथ-साथ पूजा समितियों ने श्रद्धालुओं की सुविधा का पूरा ध्यान रखा है। रात भर सड़कों पर पुलिस दिखी। शहर में पंडालों से काफी पहले ही जगह-जगह बैरियर लगाये गये हैं, जिससे वाहन आगे न जा सकें। पूजा समितियों के कार्यकर्ता भी रात भर सक्रिय दिखे। श्रद्धालुओं को पंडाल के बारे में बताने, किसी भी तरह की समस्या का निदान करने आदि के लिए मुस्तैद दिखे। सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है। पंडालों के अंदर और बाहर सीसीटीवी लगाये गये हैं। रांची के उपायुक्त और एसएसपी देर रात खुद सड़कों पर प्रशासनिक व्यवस्था को देखते हुए नजर आये।

## साजिश न करे कांग्रेस, गठबंधन नहीं करना है तो स्पष्ट बताये: अखिलेश



लखनऊ (आजाद सिपाही)। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन न होने को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कांग्रेस पार्टी के नेताओं पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को बताना चाहिए कि जब गठबंधन नहीं करना था तो हमारे नेताओं को बुलाया ही क्यों था। साफ-साफ बताना चाहिए था कि आइएनडीआइए गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए है, राज्यों के लिए नहीं। हमारे नेताओं को बुलाकर हमसे चर्चा की गयी और सीटों के बारे में पूरी जानकारी ली गयी। अखिलेश ने कहा कि कांग्रेस हमें स्पष्ट बताये कि लोकसभा चुनाव में गठबंधन करना है या नहीं। अगर वो मना कर देंगे तो हम भाजपा को हराने के लिए अपनी तैयारी करेंगे। कांग्रेस हमसे साजिश या षडयंत्र न करे। सपा अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस को बयानबाजी करने वाले नेताओं को रोकना चाहिए। उन्होंने समाजवादी नेता राम मनोहर लोहिया का बयान याद दिलाते हुए कहा कि जब कांग्रेस कमजोर होगी तो उसे समाजवादियों की जरूरत पड़ेगी। बता दें कि कांग्रेस नेता अजय राय ने सपा के बारे में बेहद तल्ख टिप्पणी की थी जिस पर अखिलेश यादव ने करारा जवाब दिया था। इसके बाद से ही विपक्षी गठबंधन इंडिया में सपा के रहने को लेकर सवाल उठने लगे हैं।







### यमुना एक्सप्रेस वे पर हुसैनाबाद निवासी की हुई दुर्घटना
# पांच लोगों की मौत, तीन घायल

### एक ही परिवार के थे सभी, दिल्ली से श्राद्धकर्म में शामिल होने के लिए गाड़ी से आ रहे थे पलामू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली/हुसैनाबाद।** दिल्ली से झारखंड आने के क्रम में यमुना एक्सप्रेसवे पर एक कार से दूसरे वाहन की टक्कर हो गयी। जिसमें एक ही परिवार के चार लोग और एक ड्राइवर कुल पांच लोगों की मौत हो गयी। वहीं तीन बच्चे घायल हैं। तीनों को आइसीयू में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ये सभी



हुसैनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत कचरा गांव के एक ही परिवार के हैं। दुर्घटना में चार लोग और एक ड्राइवर समेत पांच लोगों की मौत हो गयी। ये दिल्ली से पलामू के कचरा गांव आ रहे थे। उन्हें अपने बहनोई के यहां श्राद्धकर्म में भाग लेने गढ़वा के मतौली गांव जाना था। घटना की सूचना के बाद रिश्तेदारघटना स्थल पर गये। पोस्टमार्टम के बाद शव को मृतक के गांव लाया जायेगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतकों की पहचान उपेंद्र बैठा (38), बिजेंद्र बैठा (36), कांति देवी (30), ज्योति कुमारी (12) और ड्राइवर के रूप में हुई है। वहीं घायलों की पहचान घायलो में सूरज कुमार बैठा (16), आर्यन (10),आयुश (8) शामिल हैं। सभी कचरा गांव के निवासी हैं।

### मृतकों के परिजनों को मिलेगी हरसंभव मदद : विधायक

कचरा गांव निवासी बैठा परिवार के पांच लोगों की मौत पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने गहरा दु:ख व्यक्त किया है। उन्होंने परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए हरसंभव मदद की बात कही है। उन्होंने घायल बच्चों को जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। विधायक ने कहा कि सरकार से मृतकों के आश्रितों को उचित मुआवजा दिलाने का भी वह प्रयास करेंगे।

## टीएमसी सांसद भारत में थीं, तो संसदीय लॉगिन का इस्तेमाल दुबई से कैसे हुआ : भाजपा

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। रिश्वत लेकर सवाल पूछने के मामले में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने टीएमसी सांसद पर रिश्वत लेकर सवाल पूछने का आरोप लगाय था। एक बार फिर निशकांत दुबे ने टीएमसी सांसद के संसदीय लॉगिन आइडी को लेकर गंभीर सवाल खड़े किये हैं। उन्होंने दावा किया कि जब महुआ मोइत्रा भारत में थीं, तो उनका लॉगिन आइडी दुबई से इस्तेमाल किया हुआ था। यह जानकारी एनआइसी ने जांच एजेंसियों को दी है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 29.0 °c | 16.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.49 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.49 बजे |



## 37वें नेशनल गेम्स के लिए झारखंड का किट लांच

**रांची (आजाद सिपाही)।** गोवा में 25 अक्टूबर से 9 नवंबर तक आयोजित 37वें नेशनल गेम्स के लिए झारखंड टीम का किट लांच मोरहाबादी में बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम स्थित खेल विभाग के परिसर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रांची डीआइजी अनूप बिरथरे, खेल विभाग के निदेशक सुशांत गौरव, झारखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ मधुकांत पाठक, एशियन हॉकी के उपाध्यक्ष और हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह और खेल विभाग के डिप्टी डायरेक्टर मनीष समेत डीएसओ, झारखंड ओलंपिक संघ के पदाधिकारी और खिलाड़ी तथा कोच मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान झारखंड टीम का किट खिलाड़ियों और ऑफिशियल के बीच बांटे गये। इस कार्यक्रम के दौरान झारखंड खेल विभाग द्वारा झारखंड ओलंपिक संघ को 37वें नेशनल गेम्स के लिए यात्रा भत्ता, रहने और खाने के लिए 28 लाख 10480 रुपये का चेक दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार झारखंड की ओर से 351 सदस्यीय टीम 25 खेलों में हिस्सा लेगी। इसमें 144 बालक तथा 137 बालिकायें खिलाड़ी शामिल हैं।

## बैंक ऑफ इंडिया ने रांची के प्रमुख चार पहिया वाहन विक्रेताओं के साथ साझा स्टाल लगाया

**रांची (आजाद सिपाही)।** त्योहारों के इस खास दौर में चार पहिया वाहनों के प्रति ग्राहकों के रुझान और उनकी सहूलियत को देखते हुए बैंक ऑफ इंडिया ने रांची के प्रमुख वाहन डीलर्स शोरूम के साथ त्वरित वाहन ऋण प्रसंस्करण हेतु संयुक्त रूप से स्टाल लगाना जारी रखा है। इसी क्रम में शनिवार को एसएस मोटोजेन टाटा, फेयरडील हुंडई तथा बासुदेव टाटा के साथ संयुक्त रूप से बैंक ऑफ इंडिया द्वारा स्टाल लगाया गया। बताते चले कि बैंक ऑफ इंडिया झारखंड राज्य का लीड बैंक है, जो त्योहारी ऑफर के अंतर्गत कम से कम कागजी कार्रवाई पर न्यूनतम 8.75% वार्षिक ब्याज दर के साथ तथा प्रसंस्करण शुल्क में 100 फीसदी की छूट पर वाहन ऋण उपलब्ध करा रहा है।

## भाकपा माओवादी के पोलित ब्यूरो सदस्य प्रमोद मिश्रा समेत दो नक्सलियों से एनआइए कर रही है पूछताछ

**रांची (आजाद सिपाही)।** नेशनल इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एनआइए) भाकपा माओवादी के पोलित ब्यूरो सदस्य प्रमोद मिश्रा और अनिल यादव को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। इससे पहले बीते 2 अक्टूबर को भी एनआइए ने प्रमोद मिश्रा से पूछताछ की थी। बता दें कि बिहार पुलिस रितेश विद्यार्थी के भाई रोहित विद्यार्थी को गिरफ्तार कर पूछताछ की थी। इस दौरान रोहित विद्यार्थी ने पुलिस को बताया कि प्रमोद मिश्रा गया जिले का लुटुआ गांव आनेवाला है। सूचना के आधार पर बिहार पुलिस ने 9 अगस्त को पोलित ब्यूरो सदस्य और एनआरबी (उत्तरी क्षेत्रीय ब्यूरो) के प्रभारी प्रमोद मिश्रा और अनिल यादव को गिरफ्तार कर लिया था। प्रमोद मिश्रा की गिरफ्तारी के बाद बिहार पुलिस ने हथियार, गोला-बारूद और एक बंदूक फैक्ट्री का उद्भेदन किया था, जिससे बिहार और यूपी में हथियारों की सप्लाई करने और देसी हथियारों को इकट्ठा करने के लिए स्थापित किया गया था।

## जम्मू-कश्मीर में आयोजित होनेवाले त्रिकोणीय दिव्यांग क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए झारखंड टीम गठित

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड डिसएबल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में ट्रायल का आयोजन केंद्रीय विद्यालय ग्राउंड नामकुम में रखा गया, जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से 30 खिलाड़ी शामिल हुए। इसमें 15 खिलाड़ियों का चयन किया गया और उसके बाद स्थानीय अकादमी डांगी क्रिकेटर एकेडमी के सामान्य बच्चों के साथ एक मैच कराया गया। झारखंड की दिव्यांग क्रिकेट टीम ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित बीस ओवर में 126 रन बनाये। जवाबी पारी खेलने उतरी डांगी क्रिकेट अकादमी ने 15 ओवर 3 बॉल में 6 विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया। झारखंड दिव्यांग टीम 3 नवंबर को रांची से जम्मू के लिए रवाना होगी। मैच 6, 7, 8 नवंबर को खेला जायेगा। मेजबान जम्मू कश्मीर, झारखंड और बड़ौदा के बीच में सीरीज का आयोजन किया जाना है।

## 28 नवंबर को उर्दू शिक्षक बहाली की मांग पर मुख्यमंत्री आवास का घेराव: एस अली

**रांची (आजाद सिपाही)।** सहायक आचार्य बहाली के साथ उर्दू शिक्षकों की बहाली शुरू नहीं किये जाने से नाराज उर्दू टेट पास अभ्यर्थियों ने मौलाना आजाद कांफ्रेंस हॉल अंजुमन प्लाजा रांची में बैठक की। मुख्य अतिथि के रूप में शामिल झारखंड छात्र संघ और आमया संगठन के अध्यक्ष एस अली ने कहा कि महागठबंधन सरकार ने चुनाव में वादा किया था कि उर्दू शिक्षक के पदों पर बहाली की जायेगी, लेकिन चार वर्ष होने को है। 15 दिनों के अंदर उर्दू शिक्षक के रिक्त 3712 पदों पर बहाली प्रक्रिया शुरू नहीं की जाती है, तो 28 नवंबर को मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जायेगा। इसके लिए सभी जिलों और प्रखंडों में 26 अक्टूबर से अभियान शुरू किया जायेगा। बैठक की अध्यक्षता उर्दू टेट पास अभ्यर्थी मंच के संयोजक मो जावेद और संचालन नूर आलम ने किया।

## 23 लाख विद्यार्थियों को पोशाक और स्वेटर नहीं मिलना गरीब विद्यार्थियों के साथ अन्याय है : विजय शंकर नायक

**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों में चार महीने बाद भी 23 लाख विद्यार्थियों को पोशाक और स्वेटर नहीं मिलना राज्य के गरीब विद्यार्थियों के साथ अन्याय है। हेमंत सरकार इसपर तुरंत संज्ञान ले और कर्तव्यविमूढ़ अधिकारियों पर कार्रवाई करे। उक्त बातें शनिवार को झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक विजय शंकर नायक ने कहीं। कहा कि राज्य के सरकारी विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र चालू हुए चार माह से अधिक हो चुके हैं। इसके बावजूद 23 लाख विद्यार्थियों को पोशाक और स्वेटर नहीं मिलना गरीब बच्चों के साथ अन्याय है। नायक ने आगे कहा कि जब झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से इस मद में जुलाई में ही सभी जिलों को (209 करोड़) की राशि उपलब्ध करायी जा चुकी है।

### पुलिस संस्मरण दिवस: डीजीपी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

# शहीद होनेवाले पुलिसकर्मी हमेशा ही कर्तव्य पथ पर बेहतर करने की प्रेरणा देते हैं : डीजीपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस की ओर से शनिवार को डोरंडा स्थित जैप ग्राउंड में पुलिस संस्मरण दिवस मनाया गया। जैप वन ग्राउंड में डीजीपी अजय कुमार सिंह सहित तमाम पुलिस अधिकारियों ने एक साल के भीतर देश की रक्षा के लिए अपना जीवन बलिदान करने वाले शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए नमन किया।

इस मौके पर डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बताया कि शहीद होनेवाले पुलिसकर्मी हमेशा ही कर्तव्यपथ पर बेहतर करने की प्रेरणा देते हैं। आज के दिन सिर्फ और सिर्फ शहीदों को याद करना चाहिए। उनके परिवार वालों की मदद कैसे की जाये, इस दिशा में भी सोचना चाहिए। पुलिस



संस्मरण दिवस के अवसर पर पांचों वीर शहीदों को याद कर नमन किया गया। मौके पर सीआइडी डीजी अनुराग गुप्ता, एडीजी अभियान संजय आनंद लटकर, आइजी अभियान एबी होमकर, शहीद के परिजन उपस्थित थे।

### देश के लिए शहीद होना गौरव की बात: एसएसपी

रांची। कांके रोड स्थित नवीन पुलिस केंद्र में शनिवार को पुलिस संस्मरण दिवस मनाया गया। इस दौरान एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा सहित अन्य अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने शहीद स्थल पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर एसएसपी ने कहा कि अपने कर्तव्य के दौरान देश के लिए शहीद होना गौरव की बात है, लेकिन शहीदों की क्षति को भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने बताया कि 21 अक्टूबर, 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग में चीनी सेना के आक्रमण में सीआरपीएफ अधिकारी कर्म सिंह 20 साथियों के साथ शहीद हो गये थे। तब से 21 अक्टूबर को पुलिस संस्मरण दिवस मनाया जाता है। इस दौरान पिछले एक साल में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी जाती है। साथ ही जिले के शहीद के परिजनों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सिटी एसपी राजकुमार मेहता, ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो, सभी पुलिस उपाधीक्षक, परिचारी प्रवर प्रथम, द्वितीय, सभी परिचारी और पुलिसकर्मी और शहीद के परिवार के लोग उपस्थित थे।

## अवैध खनन मामला: दाहू यादव के भाई सुनील के खिलाफ आरोप पत्र दायर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज में हुए 1000 करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले के आरोपी दाहू यादव के भाई सुनील यादव के खिलाफ फ इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट (इडी) ने सप्लीमेंट्री प्रॉसिक्यूशन कंप्लेनन (पीसी) दाखिल कर दी है। आरोप पत्र में अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग में सुनील यादव की भूमिका की विस्तृत जानकारी दी गयी है। इडी द्वारा दाखिल आरोप पत्र पर रांची प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की विशेष कोर्ट संज्ञान ले सकती है।

बता दें कि दाहू और सुनील यादव सगे भाई हैं। इन पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के साथ मिल कर अवैध खनन, अवैध परिवहन और साहिबगंज में गंगा नदी पर अवैध तरीके से जहाज परिचालन का आरोप है।

**दाहू और सुनील यादव गलत तरीके से संचालित करते थे स्टीमर** : जानकारी के मुताबिक, अब तक की जांच में यह पाया गया है कि दाहू यादव और सुनील यादव ने मेसर्स इंफ्रालिंक लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड का स्टीमर गलत तरीके से संचालित किया। 23 मार्च 2022 को हुई दुर्घटना और अवैध स्टोन चिप्स ढुलाई मामले में इडी इंफ्रालिंक के स्टीमर को जब्त कर चुकी है, जिसे दाहू यादव और उसके भाई सुनील यादव की देखरेख में चलाया जाता था। दोनों भाइयों पर आरोप है कि वे स्टीमर के सहारे स्टोन चिप्स ढोनेवाले ट्रकों से पंकज मिश्रा के लिए 500 रुपये प्रति ट्रक की दर से वसूली करते थे। बच्चू यादव ने इडी को दिये गये अपने बयान में इस बात को स्वीकार किया था।

## दुमका कोर्ट ने गैंगरेप के तीन दोषियों को दी थी फांसी की सजा, हाइकोर्ट ने पलटा आदेश, कहा-दोबारा ट्रायल करें

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की खंडपीठ ने दुमका सिविल कोर्ट के एक फैसले को पलट दिया है। कोर्ट ने दोषियों की फांसी की सजा को पलटते हुए दोबारा ट्रायल करने का आदेश दिया है। दरअसल दुमका सिविल कोर्ट ने गैंगरेप के तीन आरोपियों को वर्ष 2020 में दोषी करार देते हुए न सिर्फ 25-25 हजार का जुर्माना लगाया था, बल्कि फांसी की सजा भी सुनायी थी। सिविल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखने के लिए हाइकोर्ट में डेथ रेफरेंस याचिका दाखिल की गयी थी। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राज्य सरकार की डेथ रेफरेंस याचिका खारिज कर दी। साथ ही तीनों आरोपियों के खिलाफ दोबारा ट्रायल शुरू करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि जिस कोर्ट ने तीनों आरोपियों को दोषी करार दिया था, उस कोर्ट में ट्रायल न किया जाये, बल्कि दूसरे कोर्ट में इस मामले का ट्रायल किया जाये। इस मामले में राज्य सरकार की ओर से लोक अभियोजक पंकज कुमार ने पक्ष रखा। वहीं हाइकोर्ट ने इस मामले के लिए अधिवक्ता कुमार वैभव को अमेकस क्यूरी (न्याय मित्र) के रूप में नियुक्त किया था। अधिवक्ता कुमार वैभव ने आरोपियों की ओर से केस लड़ने के लिए कोई फीस नहीं ली।

## बाबूलाल मरांडी ने राज्य में दुष्कर्म के आंकड़ों पर हेमंत सरकार को घेरा

**महिलाओं की सुरक्षा के बजाय अपराधियों और बलात्कारियों को संरक्षण देना उचित समझा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में दुष्कर्म के आंकड़ों को लेकर हेमंत सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने शनिवार को ट्विट कर कहा कि जिसके चरित्र पर दाग हो, जो



दुष्कर्मियों का संरक्षक बन बैठा है, जिसने नारियों के सम्मान, अभिमान और पहचान को ठेस पहुंचायी है, ऐसी सरकार को अब डूब कर मर जाना चाहिए। बाबूलाल ने कहा कि आधिकारिक आंकड़े के अनुसार वर्ष 2020 में दुष्कर्म की कुल 1794 घटनाएं हुईं। वर्ष 2021 में 1617 और 2022 में 1612 दुष्कर्म की घटनाएं हुई हैं। इन तीन वर्षों के दौरान झारखंड में औसतन पांच महिलाएं प्रतिदिन दुष्कर्म का शिकार हुईं। इस सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा के बजाय अपराधियों और बलात्कारियों को संरक्षण देना उचित समझा है।

## अभाविप के 69वें राष्ट्रीय अधिवेशन की तिथियां परिवर्तित, दिल्ली में अब 7-10 दिसंबर को आयोजित होगा राष्ट्रीय अधिवेशन

**शिक्षा, समसामयिक सामाजिक और राष्ट्रीय परिदृश्य, पर्यावरण आदि विषयों पर अभाविप राष्ट्रीय अधिवेशन में चर्चा के लिए जुटेंगे देशभर के युवा**

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के दिल्ली में आयोजित होने जा रहे 69वें राष्ट्रीय अधिवेशन की तिथियों में परिवर्तन किया गया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) का राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली में अब 7 दिसंबर से 10 दिसंबर 2023 के मध्य आयोजित होगा। पहले अभाविप का राष्ट्रीय अधिवेशन 30 नवंबर 2023 से 3 दिसंबर 2023 के मध्य प्रस्तावित था। 09 अक्टूबर को भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव आयोजित कराने की घोषणा हुई। इन पांच राज्यों के अभाविप कार्यकर्ताओं द्वारा लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन करते हुए मताधिकार प्रयोग सुनिश्चित करने आदि विषयों पर विचार करते हुए अभाविप नेतृत्व द्वारा राष्ट्रीय अधिवेशन की तिथियों में परिवर्तन किया गया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना के 75वें वर्ष का यह अमृत महोत्सवी राष्ट्रीय अधिवेशन देशभर के युवाओं की उपस्थिति, संवाद के विषयों की विविधता सहित विभिन्न पक्षों में विशिष्ट है। दिल्ली में अधिवेशन निमित्त तैयारियां शुरू हो गयी हैं, अभाविप इस अधिवेशन द्वारा युवाओं के विषयों पर विमर्श से वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप नए दिशा सूत्रों से परिवर्तन हेतु आशान्वित है।

## लालू यादव ने रोहतासगढ़ के आदिवासियों के उन्नयन और विकास का भरोसा दिलाया: बंधु तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने उन्हें यह भरोसा दिलाया है कि बिहार में आदिवासियों के महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और पौराणिक धरोहर, प्रागैतिहासिक काल के रोहतासगढ़ किले के संरक्षण और संवर्धन के लिए बिहार सरकार हरसंभव उपाय करेगी। श्री यादव ने कहा कि उपमुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव इस मामले को लेकर काफी गंभीर हैं और न केवल रोहतासगढ़ किले, बल्कि बिहार में रहनेवाले आदिवासियों की समस्याओं के त्वरित निष्पादन, उनकी आर्थिक-सामाजिक स्थिति में सुधार के साथ उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए भी प्रभावी उपाय किये जायेंगे।

झारखंड में इंडिया गठबंधन के विभिन्न घटक दलों की स्थिति को मजबूत करने, आपसी सामंजस्य को और भी प्रभावी बनाने के साथ ही, झारखंड की सभी लोकसभा सीटों पर बेहतर प्रदर्शन करने के संदर्भ में विचार विमर्श के लिए श्री यादव के आमंत्रण पर श्री तिर्की ने शनिवार को पटना में राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव से उनके आवास पर मुलाकात की। श्री यादव के साथ बैठक के दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि छठ महापर्व के तत्काल बाद आदिवासी नेताओं का एक दल बिहार के पर्यटन विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ रोहतासगढ़ का दौरा कर वहां के विकास तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के संदर्भ में विचार विमर्श करेगा।

## महिला एफआइएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी करेगा भारत, रांची में होंगे मैच

**रांची (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआइएच) ने महिला एफआइएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर को चीन से भारत के रांची में स्थानांतरित कर दिया है। यह फैसला चीनी महिला हॉकी टीम द्वारा 2022 में हांगझू में 19वें एशियाई खेलों को जीत कर पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए सीधी योग्यता अर्जित करने के बाद हुआ है। महिला एफआइएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर 13 से 19 जनवरी 2024 तक रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। भारतीय महिला हॉकी टीम के अलावा आठ टीमें पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए भिड़ेंगी। इसके अलावा, अन्य तीन एफआइएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर मस्कट, ओमान (पुरुष-15-21 जनवरी 2024) और वालेंसिया, स्पेन (महिला और पुरुष-13-21 जनवरी) में खेले जायेंगे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| | |
| --- | --- |
| मेष | परिस्थितियों में काफी बदलाव होगा,लाभ के नये अवसर प्राप्त होंगे। |
| वृष | रुके हुए कार्यों में तेजी आयेगी, नवीन योजना बनेगी, आमदनी में वृद्धि। |
| मिथुन | उत्साह उमंग भरा होगा, पदोन्नति तथा व्यवसाय में लाभ के अवसर बढ़ेगी। |
| कर्क | अनावश्यक खर्चों में कमी आयेगी, आर्थिक एवं व्यावसायिक मामलों के लिए समय अच्छा है। |
| सिंह | मकान, वाहन, भौतिक सुखों की प्राप्ति, विरोधियों पर विजय, आर्थिक लाभ। |
| कन्या | नये प्रॉपर्टी खरीदने का संयोग बनेगा, रुका हुआ काम पूरा होगा, संतान सुख। |
| तुला | नवीन योजनाओं को पूरा करने में कठिनाईयों का सामना हो सकता है। |
| वृश्चिक | संतानों की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा, आत्मविश्वास में वृद्धि। |
| धनु | चिर संचित अभिलाषा पूरी होगी, कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण, अधिकारियों का सहयोग। |
| मकर | आमदनी के साधनों में सुधार होगा, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण। |
| कुंभ | कुछ नये सम्बन्ध बनेंगे, पारिवारिक परेशानी से छुटकारा, अभी नौकरी में बदलाव न करें। |
| मीन | वाणी पर नियंत्रण रखें,सरकारी नौकरी करनेवालों के नवीन पद और अधिकार मिलने की संभावना। |

## हटाये गये सीआइपी के डायरेक्टर डॉ बासुदेव दास

**रांची (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सीआइपी के स्थायी निदेशक डॉ बी दास को उनके पद से हटा दिया है। शाम चार बजे मेल भेज कर उनको पांच बजे तक प्रभार संस्थान के सीएमओ (एसएजी) डॉ तरुण कुमार को सौंपने का निर्देश दिया गया था। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए डॉ दास ने प्रभार डॉ तरुण कुमार को दे दिया। डॉ दास वर्ष 2020 के फरवरी माह में स्थायी निदेशक के रूप में चयनित हुए थे। किन कारणों से उनसे प्रभार वापस लिया गया, इसका कोई उल्लेख पत्र में नहीं है। हालांकि लगभग ढाई वर्ष पूर्व नर्सिंग पदाधिकारियों की नियुक्ति को लेकर कुछ शिकायतें मंत्रालय को मिली थीं, लेकिन अभी उसकी आरंभिक जांच ही चल रही है। वहीं सीएमओ (एसएजी) डॉ तरुण कुमार कुछ माह पूर्व ही दिल्ली मंत्रालय, एयरपोर्ट हेल्थ आर्गेनाइजेशन आदि में लंबी सेवा देने के बाद इटकी में खोले जा रहे नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के प्रभारी के रूप में भेजे गये हैं। वर्तमान में उनको सीआइपी में पदस्थापित किया गया है।**

## महिला समूह को लोन दिलाने के नाम पर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**रांची (आजाद सिपाही)। महिला समूह को लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार हुआ है। सुखदेवनगर थाना की पुलिस ने बिहार के पश्चिमी चंपारण के रहने वाले विकास सत्यम नाम के युवक को गिरफ्तार किया है। विकास सत्यम पर सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में करीब 30 से 40 महिला से करीब दो लाख रुपये की ठगी का आरोप है। इसके अलावा विकास सत्यम ने कई महिलाओं को चेक भी दिया था, जो बाउंस कर गया। इसके बाद महिलाओं ने सुखदेव नगर थाना में मामला दर्ज कराया था और कोर्ट से उसके खिलाफ वारंट जारी हुआ था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।**

# योगेंद्र तिवारी की जांच वहां से हो, जहां से कारोबारी जगत में उसका जन्म हुआ : सुप्रियो

**इडी हेमंत सरकार के खिलाफ नैरेटिव सेट करने की कोशिश कर रही है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि इडी के सलेक्टिव टारगेट में भाजपा नहीं है। उसके टारगेट में राज्य सरकार है। शराब माफिया योगेंद्र तिवारी की गिरफ्तारी हुई है। उन्होंने कहा कि योगेंद्र तिवारी के सभी बैंकों के ट्रांजैक्शन को ठीक से खंगालेगी, तो भाजपा का असली चेहरा सामने आ जायेगा। शनिवार को सुप्रियो भट्टाचार्य झामुमो के केंद्रीय



कार्यालय में प्रेस से बातचीत कर रहे थे। श्री भट्टाचार्य ने कहा कि इडी क्या नैरेटिव सेट करना चाहती है, इसलिए मांग करते हैं कि राज्य सरकार इस मामले को एसआइटी से जांच करा कर रिपोर्ट सार्वजनिक करे। इससे पता चल जायेगा कि इस खेल में भाजपा के कौन-कौन नेता शामिल हैं। तिवारी का भाजपा के किस-किस नेता से संबंध था, यह भी सामने आ जायेगा। उन्होंने कहा कि योगेंद्र तिवारी तो छोटा सा प्यादा है। उसके भ्रष्टाचार के पीछे कई बड़े-बड़े लोग शामिल हैं। जांच वहां से होनी चाहिए, जहां से योगेंद्र तिवारी का कारोबारी जगत में जन्म हुआ था। कैसे कंपनी बनी, जमीन हड़पी गयी और तिवारी का शराब के धंधे में प्रवेश हुआ। सुप्रियो ने आरोप लगाया कि भाजपा के एक बड़े नेता से तिवारी के संबंध हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के राजनीतिक सलाहकार सुनील तिवारी का भी नाम उस कंपनी में था। उन्होंने हेमंत सरकार से इस मामले की एसआइटी जांच कराने की मांग की। कहा कि एसआइटी का गठन कर सरकार इस पूरे मामले और साजिशकर्ता को बेनकाब करे। यह सामने आना चाहिए किआखिर शराब के खेल में कौन-कौन शामिल हैं और उसमें भाजपा के वर्तमान से लेकर कितने पूर्व विधायक शामिल हैं। जांच में यह भी सामने आ जायेगा कि किस-किस सरकार के कार्यकाल में क्या-क्या हुआ।

## झामुमो की प्रेस वार्ता पर भाजपा का पलटवार



**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने ट्वीट कर कहा कि झामुमो की प्रेस वार्ता को देख कर उस पुराने टेप रिकॉर्डर की याद आ गयी, जिसका कैसेट फंस जाता था और बार-बार एक ही आवाज निकलती थी। प्रतुल ने ट्वीट में लिखा कि भारतीय जनता पार्टी शुरू से कहती आ रही है कि योगेंद्र तिवारी के मामले में एसआइटी का गठन किया जाये। इस पर भी जांच हो कि आखिर सत्ताधारी दल के किस बड़े नेता के 'आशीर्वाद' से उन्हें पूरे प्रदेश में शराब के ठेका पर एकाधिकार मिल गया है, लेकिन सरकार इस मुद्दे पर खामोश रही है। पता नहीं कौन सी अदृश्य शक्तियां योगेंद्र तिवारी को बचाने में लगी हुई थीं। अपने ट्वीट में प्रतुल ने स्पष्ट करते हुए कहा कि भाजपा के बड़े नेताओं ने स्थिति पहले ही स्पष्ट कर दी है। दशकों से उनके परिजनों का योगेंद्र तिवारी की कंपनी से कोई लेना देना नहीं रहा है, लेकिन सवाल अभी भी वही है कि मौजूदा सिस्टम का कौन सा अति शक्तिशाली व्यक्ति सारे नियम कानून को ताक में रख कर योगेंद्र तिवारी को बढ़ाने में लगा हुआ है। प्रतुल ने निष्पक्ष जांच हेतु स्वतंत्र एजेंसी के अविलंब गठन की मांग की, ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो जाये, लेकिन राज्य सरकार कभी नहीं चाहेगी कि सत्ताधारी दल के बड़े नेता और योगेंद्र तिवारी का नेक्सस एक्सपोज हो। तो वह इसी तरीके का सिर्फ प्रेस कॉन्फ्रेंस किया करेंगे, कार्रवाई कभी नहीं होगी।

## योगेंद्र तिवारी भी प्रेम प्रकाश जैसे सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार का सरगना : भाजपा

**झारखंड में हुआ छत्तीसगढ़ से भी बड़ा शराब घोटाला**

आजाद सिपाही सवांददाता

**रांची।** भाजपा प्रवक्ता और पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने शनिवार को राज्य सरकार पर फिर हमला बोला। षाड़ंगी ने कहा कि योगेंद्र तिवारी की गिरफ्तारी से राज्य सरकार के सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार की कई परतें खुलेंगी। कहा कि योगेंद्र तिवारी भी प्रेम प्रकाश सहित अन्य सत्ता दलालों की तरह ही भ्रष्टाचार का सरगना है, जिससे इडी की पूछताछ में कई राज खुलेंगे। कहा कि आखिर तिवारी द्वारा कई मेल मैसेज को डिलीट किया जाना भ्रष्टाचार की जड़ें गहरी होने का ही संकेत करता है। आखिर तीन साढ़े तीन वर्षों से राज्य सरकार ने योगेंद्र तिवारी पर मुकदमा दर्ज होने के बावजूद कार्रवाई क्यों नहीं की? उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार को योगेंद्र तिवारी का भूत कुछ दिन पहले से ही परेशान करने लगा था, जिसके कारण झामुमो की बौखलाहट बढ़ गयी थी। कहा कि झारखंड का शराब घोटाला छत्तीसगढ़ शराब घोटाला से भी बड़ा साबित होगा। उन्होंने कहा कि राज्य के सत्ता पक्ष की चुप्पी का रहस्य जनता जानना चाहती है।

# प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी...


बकरी बाजार

## श्री दुर्गा पूजा समिति भुतहा तालाब पंडाल का उद्घाटन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** शनिवार को श्री दुर्गा पूजा समिति भुतहा तलाब पंडाल का अनावरण समाज के एक महत्वपूर्ण अंग एक दिव्यांग व्यक्ति बगन ठाकुर ने किया। पंडाल उदघाटन के पश्चात हर शनिवार की भांति इस शनिवार को भी खिचड़ी प्रसाद का भोग मां को अर्पित करने के बाद भक्तों के बीच वितरण किया गया। महासप्तमी तिथि से शुरू हुआ यह आयोजन विजयादशमी तक प्रतिदिन किया जायेगा। इस मौके पर उद्घाटन समारोह में मुख्य संरक्षक किशोर साहू, रमेश सिंह, राज कुमार गुप्ता, उदय साहू, संरक्षक संजय सिंह, राजीव रंजन मिश्रा, श्याम मोदी, आयोजक संजय सिंह, संरक्षक रवि कुमार पिंकू, अध्यक्ष उमंग सुल्तानिया, महामंत्री मनीष सेठी, कार्यकारी अध्यक्ष राहुल सिंह, पूर्व पार्षद आशा देवी, नमन भारतीय, शिव किशोर शर्मा, राहुल रजक, संजय तिवारी, करण सिंह, मोहित रजक, आकाश रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, आयुष सिंह, आशीष रजक, प्रियांशु वर्मा, सौरभ रजक, शेखर रजक, आयुष वर्मा, यश वर्मा, समीर नायक, अभिषेक रजक सहित अन्य उपस्थित थे। उक्त जानकारी नमन भारतीय एवं शिव किशोर शर्मा ने दी।

## सर्वधर्म सदभावना समिति ने पदाधिकारियों और सदस्यों को दिया वालंटियर कार्ड

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची में शांतिपूर्ण ढंग से दुर्गा पूजा के आयोजन के लिये कराने के उद्देश्य से सर्वधर्म सदभावना समिति ने पदाधिकारियों एवं सदस्यों को वालंटियर कार्ड दिया। शनिवार को सर्वधर्म सदभावना समिति के अध्यक्ष मो. इसलाम, संरक्षक डॉ अजीत सहाय एवं संरक्षक जयसिंह यादव के संयुक्त नेतृत्व में आपसी सौहार्द के साथ दुर्गा पूजा की सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए आवश्यक बैठक बिहार क्लब सभागार में हुई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय मौजूद रहे। डीएसपी कोतवाली ने समिति के लोगों की सराहना की एवं कहा कि हर अच्छे कार्यों के लिए उनके साथ साथ पुलिस प्रशासन समाज हित में सदा सर्वधर्म सदभावना समिति के तमाम लोगों के साथ रहेगा। कमिटी के संरक्षक डा. अजीत सहाय, जयसिंह यादव एवं सर्वधर्म सदभावना समिति के अध्यक्ष मो इसलाम, ने कमेटी के द्वारा सदभावना पर आधारित पूर्व में किये गये कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। कहा कि समाज के हर अच्छे कार्यों के लिए सर्वधर्म सदभावना समिति जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के साथ साथ आम जनता के साथ खड़ा है और सर्वधर्म सदभावना समिति का बढ़ चढ़ कर अपनी पूरी जिम्मेदारी निभाएगी। सर्वधर्म सदभावना समिति की ओर से डीएसपी कोतवाली प्रकाश सोय, डॉ अजीत सहाय, जयसिंह यादव, मो. इसलाम, मो. इश्तेयाक, आजम अहमद, फिरोज अंसारी, शेख परवेज आलम, लाडले खान सहित समिति के अनेक गणमान्य लोगों को समिति के सदस्यों ने चुनरी भेंट कर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मो. इश्तेयाक, फिरोज अंसारी, शेख परवेज आलम, मो अब्दुल्लाह, जसीम हसन, मो तनवीर, मो. मेराज, सोनू भाई, परवेज आलम, जमील गद्दी, इबरार गद्दी, इसलाम इदरीस, आदिल रशाद सहित अन्य उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन मो इशतेयाक ने किया।


आरआर स्पोर्टिंग क्लब

## कोकर दुर्गा पूजा पंडाल का खुला पट, मां के दर्शन से निहाल हुईं आंखें

### मनोज जायसवाल और संजीव विजयवर्गीय ने किया उदघाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** दुर्गा पूजा को लेकर भक्तों का उत्साह चरम पर है। पंचमी में शहर के कई पूजा पंडालों के पट खुल गये। वहीं शुक्रवार को कई पंडालों का उद्घाटन किया गया। इसी क्रम में कोकर दुर्गा पूजा पंडाल का दक्षिणी छोटानागपुर आयुक्त मनोज जायसवाल और पूर्व उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय ने भव्य उद्घाटन किया। पट खुलते के साथ ही मां के दर्शन को लेकर भक्तों का तांता लग गया। मां के दर्शन से भक्तों की आंखें निहाल हो गयी । श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की आरती उतार सुख-समृद्धि, शांति-सद्भाव, अमन-चैन की कामना की।



**उद्घाटन समारोह में इनकी रही उपस्थिति :** कोकर दुर्गा पूजा पंडाल के उद्घाटन समारोह में दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष चंचल चटर्जी, संयोजक राजू राम, मुख्य संरक्षक संतोष महतो, संजय राय, रमेश सिंह, युवराज पासवान, नवीन सिंह पोली, सूरज कुमार पासवान, संजय कुमार राम, वशिष्ठ लाल पासवान, रोहित रंजन पासवान, अमित कुमार चौरसिया, महावीर मिर्धा, बाबला पासवान, बिरेंद्र प्रसाद, सम्राट चटर्जी, विक्की सिंह, रोहित सिंह, नीरज शर्मा, गांधी, अशोक प्रसाद , संतोष शर्मा, बिटू राय, सोनु, हर्ष, रौशन यादव, मणिकांत, राकेश सिंह, सनी जायसवाल, सोनू सिंह, अविनाश राज, दीपू सिंह, हरी जायसवाल, शुभम सिंह सहित कमेटी के अन्य सदस्य उपस्थित थे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी दामोदर प्रसाद और रोहित सिंह ने दी।

## शारदीय नवरात्र : आठवां दिन

### महागौरी दुर्गा का ध्यान



श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शूचिः।।
महागौरी शुड्भं दद्यान्महादेव प्रमोददा ।।

जो श्वेत वृषड्ड पर आरूढ़ होती हैं, श्वेत वस्त्र धारण करती हैं, सदा पवित्र रहती हैं तथा महादेवजी को आनंद प्रदान करती हैं, वे महागौरी दुर्गा मंगल प्रदान करें।

देवि प्रपन्नार्तिहरे प्रसीद-8

देवताओं ने जगज्जननी दुर्गा के स्वरूप के संबंध में कहा है कि-आप ही सबकी आधारड्डूता हैं, यह समस्त जगत आपका अंशड्डूत है, क्योंकि आप सबकी आदिड्डूता अव्याकृता परा प्रकृति हैं---

सर्वाश्रयाखिलमिदं जगदंशड्डूतः
मव्याकृता हि परमा प्रकृतिस्त्वमाद्या।।

सृष्टि की आदि में देवी ही थीं—सैषा परा शक्तिः। इसी पराशक्ति ड्डगवती से ब्रह्मा, विष्णु, महेश तथा संपूर्ण स्थावर-जंगमात्मक सृष्टि उत्पन्न हुई. संसार में जो कुछ है, इसी में संनिविष्ट है। ड्डुवनेश्वरी, प्रत्यंगिरा, सीता, सावित्री, सरस्वती, ब्रह्मानंदकला आदि अनेक नाम इसी पराशक्ति के हैं। देवी ने स्वयं कहा है—सर्व खल्विदमेवाहं नान्यदस्ति सनातनम। अर्थात यह समस्त जगत मैं ही हूं, मेरे सिवा अन्य कोई अविनाशी वस्तु नहीं है।

ये महाशक्ति दुर्गा ही सर्वकारण रूप प्रकृति की आधारड्डूता होने से महाकारण हैं, ये ही मायाधीश्वरी हैं, ये ही सृजन-पालन-संहारकारिणी आद्या नारायणी शक्ति हैं और ये ही प्रकृति के विस्तार के समय ड्डर्ता, ड्डोक्ता और महेश्वर होती हैं। ये ही आदि के तीन जोड़े उत्पन्न करनेवाली महालक्ष्मी हैं, इन्हीं की शक्ति से विष्णु और शिव प्रकट होकर विश्व का पालन और संहार करते हैं। दया, क्षमा, निद्रा, स्मृति, क्षुधा, तृष्णा, तृप्ति, श्रद्धा, ड्डक्ति, धृति, मति, तुष्टि, पुष्टि, शान्ति, कान्ति, लज्जा आदि इन्हीं महाशक्ति की शक्तियां हैं। ये ही गोलक में श्रीराधा, साकेत में श्री सीता, क्षीरोद सागर में लक्ष्मी, दक्षकन्या सती, दुर्गतिनाशिनी मेनका पुत्री दुर्गा हैं। वास्तविक रूप में तो वह एक ही हैं- एकैवाहं जगत्यत्र द्वितीया का ममापरा। देवी के अवतार का यही कारण है, जो स्वयं देवी ने श्रीदुर्गा सप्तशती में कहा है—

इत्थं यदा यदा बाधा दानवोत्था ड्डविष्यति।।
तदा तदावतीर्याहं करिष्याम्यरिसंक्षयम।।

इस प्रकार जब-जब संसार में दानवी बाधा उपस्थित होगी, तब-तब अवतार लेकर मैं शत्रुओं का संहार करूंगी। (क्रमश)

प्रस्तुति - डॉ एनके बेरा

## सम्मान समारोह का आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सरना समाज के अगुआ, विभिन्न आदिवासी संगठन एवं विभिन्न सरना समितियों के पदाधिकारिगणो का अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष समिति कुछ हटकर करने का प्रयास किया है। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि इस तरह का आयोजन से समाज में कार्य करने वाले लोगों का मनोबलथ बढ़ता है। समान समझ में केंद्रीय सरना समिति अध्यक्ष बबलू मुंडा, सरना सदन मूलवासी मंच के अध्यक्ष सूरज टोप्पो, अखिल भारतीय आदिवासी परिषद महिला अध्यक्ष निरंजन हेरेंन्ज टोप्पो, आदिवासी सेना अध्यक्ष अजीत लकड़ा, चडरी सरना समिति के प्रधान महासचिव सुरेंद्र लिंडा, चडरी के मुख्य पहान गुड्डू पहान, डहू टोली सरना समिति के संरक्षक विश्वस उरांव, अशोक कच्छप, हेसल सरना समिति के अध्यक्ष जीतू तिर्की, चडरी सरना समिति के पूजा अध्यक्ष सबलू मुंडा, मुख्य सलाहकार कुमोद कुमार वर्मा, हेदलहातू सरना समिति के अध्यक्ष मुकेश मुंडा, यंग हिरा नागपुर करम टोली से कृष्ण हेंब्रम, कैलाश हेंब्रम, धर्मवीर क्लब पंचम मुंडा, चिरौंदी सरना समिति अमित मुंडा, नगड़ा टोली सरना समिति मनन कैथा, सरना भवन नगड़ा टोली से गीता लकड़ा, लालपुर सरना समिति सवना मुंडा, कोंनका सरना समिति गुड्डू केरकेट्टा, सिरम टोली सरना समिति अध्यक्ष राहुल तिर्की, सरना सेवा ट्रस्ट कृष्णकांत टोप्पो, वीर बिरसानगर सरना समिति सागर टोप्पो रिम्स में कार्यरत एवं समाज सेवी कृष्ण मालिक, एवं विभिन्न आदिवासी संगठन का अगुआ उपस्थित थे । इस मौके पर समिति के हरीश कुमार ओम बर्मा विनय सिंह मिंटू चौबे संदीप सिंह विकाश वर्मा बबलू वर्मा दीपक वर्मा काजू विक्की वर्मा सोनू दुवे उपस्थित थे।

**मनोरम आरती का आयोजन :** बनारस गंगा आरती के तर्ज बनारस से आए पुरोहितों के द्वारा चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल के समीप बने महाकाल के प्रारूप के समक्ष महा सप्तमी के अवसर पर मनोरम आरती किया गया। इस महा आरती में चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के मुख्य संरक्षक दीपक प्रकाश सहित अन्य सम्मानित व्यक्तियों की उपस्थित थी। चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह सहित सभी पदाधिकारी अपनी अथक प्रयास से दर्शनार्थ आये श्रद्धालुओं को सुगमता पूर्वक जन सुलभ बनाने का प्रयास किया।

## गोरखा जवानों की अनोखी दुर्गा पूजा महासप्तमी के दिन हुई फुलपाती पूजा

**रांची (आजाद सिपाही)।** गोरखा जवानों की शक्ति पूजा अपने आप में खास और अनोखी होती है। रांची के जैप वन परिसर में नेपाली परंपरा से दुर्गा पूजा होती है। इसी कड़ी में नवरात्रि की महासप्तमी के दिन फुलपाती पूजा हुई और मां दुर्गा को डोली में बैठाकर इस रस्म की अदायगी की गयी। नवरात्रि में हर दिन विभिन्न तरीकों से मां शक्ति की पूजा गोरखा जवान करते हैं। महासप्तमी के अवसर पर गोरखा जवान नव पत्रिका प्रवेश के साथ फुलपाती पूजा करते हैं। इस दौरान गोरखा जवान पेड़ पौधों की पूजा करते हैं, ताकि जंग या फिर किसी मुठभेड़ के दौरान जंगलों में पेड़ पौधे भी उनके जवानों की रक्षा करें। नवरात्रि की महासप्तमी के अवसर पर झारखंड आर्म्ड फोर्स वन परिसर में पूरे सैनिक सम्मान के साथ माता को डोली में बिठाकर फुलपाती की रस्म अदायगी की गयी। इस दौरान गोरखा जवानों के परिवारों के बीच हर्ष का माहौल देखने को मिला। गोरखा परिवार की महिलाएं नवरात्रि के पर्व को महा उत्सव के तौर पर मानते हैं। इस दौरान पूजा अर्चना के साथ फायरिंग भी की गयी। यात्रा संपन्न होने के बाद भतुआ की बलि भी दी गयी।

## धुर्वा में रावण दहन समारोह के आयोजन की तैयारी अंतिम चरण में

### आयोजन समिति ने एचइसी परिसर स्थित शालीमार बाजार धुर्वा में आयोजन स्थल का किया निरीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** एचइसी परिसर स्थित शालीमार बाजार धुर्वा में आगामी 24 अक्टूबर को रावण दहन समारोह का आयोजन किया जायेगा। इसकी तैयारी अंतिम चरण में है। विजयादशमी को रावण दहन समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर होंगे। पूर्व मंत्री भारत सरकार सुबोधकांत सहाय, रावण दहन समारोह समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दुबे, वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह, संरक्षक लाल किशोर नाथ शाहदेव सहित कई गणमान्य अतिथि विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दुबे, अध्यक्ष संजीत यादव, महासचिव अभिषेक साहू, कोषाध्यक्ष रविशंकर, उपाध्यक्ष राजेश यादव सहित पदाधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल शालीमार बाजार में कार्यों का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये। विजयादशमी समारोह समिति के अध्यक्ष संजीत यादव, महासचिव अभिषेक साहू एवं कोषाध्यक्ष रविशंकर ने बताया कि रावण एवं कुंभकरण के पुतला का निर्माण अंतिम चरण में है। पूरे मैदान को समतल किया जा रहा है। गणमान्य अतिथियों के लिए स्टेज का निर्माण किया जा रहा है। आतिशबाजी एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है। संजीत यादव ने रांची नगर निगम से चलंत शौचालय, पानी की व्यवस्था एवं गड्ढों को भरने का अनुरोध किया है। रावण दहन समारोह समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दुबे ने कहा कि असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक रावण दहन से रोग, संकट, दोष और ग्रहों की विपरीत दिशा से मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा यह पहला मौका है जब 1967 से प्रारंभ हुआ रावण दहन कार्यक्रम एचइसी प्रशासन द्वारा नजरअंदाज किया जा रहा है, जो काफी दुखद है। लाखों की संख्या में ग्रामीण इलाके से लोग रावण दहन को देखने आते हैं।

रावण दहन समारोह को सफल बनाने में राजेश यादव, काजल भट्टाचार्य, परमेश्वर सिंह,कमलेश प्रसाद, सागर यादव, जितेंद्र सिंह, कपिल सिंह,अमित राय, लालू राज यादव, भीम यादव,मंटू यादव, राहुल कुमार, लक्की यादव, रंजन तिवारी, शंकर राम, आनंद कुमार सिंह, दुर्गेश यादव, राजन सिंह महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## मोरहाबादी में रिमोट से जलेंगे छह लाख में बने रावण, मेघनाद और कुंभकरण के पुतले

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची ।** मोरहाबादी में विजया दशमी के दिन पंजाबी हिंदू बिरादरी की ओर से हर वर्ष होनेवाले रावण दहन कार्यक्रम की तैयारी अंतिम चरण में है। इस साल रिमोट से रावण, मेघनाद और कुंभकरण के पुतले जलेंगे, जो आकर्षण का केंद्र होगा। पुतले बनाने में छह लाख की लागत आयी है। रावण 70 फुट का होगा। मेघनाद की ऊंचाई 60 फीट और कुंभकरण 65 फीट के बनाये गये हैं। रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के सिर बन कर तैयार हैं। उनके धड़ का कुछ काम बाकी है। धड़ को तीन रंगों काला, हरा और नीला से सजाया जा रहा है। इन पुतलों को बांस से आकार दिया गया है। कपड़े, कागज पर पेंटिंग कर पुतलों का ढांचा तैयार किया गया है। पुतलों को बनाने में कारीगर मोहम्मद मुस्लिम की 10-12 लोगों की टीम काम कर रही है। ये पिछले दो दशक से भी ज्यादा समय से मोरहाबादी में पुतले बनाते आये हैं।

**आकर्षक आतिशबाजी होगी :** बताया गया कि अतिशबाजी कार्यक्रम भी अन्य वर्षों से अलग होग।. इस वर्ष आतिशबाजी के लिए कोलकाता से टीम आनेवाली है। अतिशबाजी पर भी कुल 6 लाख खर्च किये जायेंगे। बताया गया कि 24 अक्टूबर तक सभी पुतलों को मोरहाबादी मैदान में पहुंचा दिया जायेगा। 24 अक्टूबर की शाम से पहले रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतलों को स्थापित कर दिया जायेगा।

# आइएनडीआइए में कड़वाहट

पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की तेज होती तैयारियों के बीच मध्य प्रदेश में सीटों के बंटवारे को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच जो कड़वा विवाद सामने आ गया, उसके नतीजे न तो मध्य प्रदेश तक सीमित रहने वाले हैं और न ही विधानसभा चुनावों तक। समाजवादी पार्टी के चीफ अखिलेश यादव ने कह भी दिया है कि जब लोकसभा चुनावों के लिए सीटों के बंटवारे की बात होगी, तब यूपी में कांग्रेस के साथ वह वैसा ही व्यवहार करेंगे जैसा उनके साथ मध्य प्रदेश में किया गया है। हालांकि यह बात पहले से कही जाती रही है कि विपक्षी दलों का आइएनडीआइए गठबंधन राष्ट्रीय स्तर पर और लोकसभा चुनावों के लिए किया गया है, तो उसमें ऐसी कोई बात नहीं है, जो अखिलेश यादव या उनकी समाजवादी पार्टी को समझ न आये, लेकिन सवाल यह है कि अगर बात इतनी ही साफ थी, तो फिर मध्य प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने विधानसभा चुनावों को लेकर उससे कोई बातचीत शुरू ही क्यों की। क्यों उन नेताओं को इन चुनावों की रणनीति पर विचार-विमर्श के लिए बुलाया गया और जैसा कि समाजवादी पार्टी का दावा है, उसके लिए छह सीटें छोड़ने की तैयारी भी दिखायी गयी और क्यों बाद में बिना किसी स्पष्टीकरण के सभी सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशी घोषित कर दिये गये? इस प्रकरण पर कांग्रेस का कोई आधिकारिक बयान अभी नहीं आया है, लेकिन यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने जो प्रतिक्रिया अखिलेश यादव के बयान पर दी है, उससे इतना जरूर स्पष्ट होता है कि पार्टी इस मसले पर बचाव की मुद्रा में नहीं है।

**इस आरोप-प्रत्यारोप और तीखी बयानबाजी के बीच भी कोई आइएनडीआइए गठबंधन के खिलाफ कुछ नहीं बोल रहा। समाजवादी पार्टी ने भी यह नहीं कहा कि वह कांग्रेस या अन्य विपक्षी दलों के साथ लोकसभा चुनावों में गठबंधन नहीं करेगी।**

उसका कहना है कि मध्यप्रदेश में 22 सीटों पर उम्मीदवार खड़े करके समाजवादी पार्टी ने बीजेपी की मदद करने की अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है। बहरहाल, इस आरोप-प्रत्यारोप और तीखी बयानबाजी के बीच भी कोई आइएनडीआइए गठबंधन के खिलाफ कुछ नहीं बोल रहा। समाजवादी पार्टी ने भी यह नहीं कहा कि वह कांग्रेस या अन्य विपक्षी दलों के साथ लोकसभा चुनावों में गठबंधन नहीं करेगी। उसका कहना सिर्फ यह है कि उस समय कांग्रेस के साथ जैसे को तैसा की तर्ज पर व्यवहार किया जायेगा। इसका सही मतलब दरअसल क्या है, यह उसी समय स्पष्ट होगा, लेकिन अभी इतना जरूर कहा जा सकता है कि अगर सचमुच विपक्षी दल आइएनडीआइए गठबंधन को लेकर गंभीर हैं और इसे बनाये रखना चाहते हैं, तो उन्हें अपने मतभेदों को निपटाने का कोई बेहतर तरीका ढूंढना चाहिए। जो मतभेद समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच उपजे हैं, वे आप समेत तमाम अन्य क्षेत्रीय दलों के साथ भी उभर सकते हैं। ऐसे में एक-दूसरे की सार्वजनिक आलोचना करते ये दल जब कुछ महीने बाद लोकसभा चुनाव के मौके पर गलबंहिया डाले नजर आयेंगे, तो आम मतदाताओं के लिए उनके गठबंधन की विश्वसनीयता स्वाभाविक ही संदिग्ध होगी।

अभिमत
आजाद सिपाही

**एमके स्टालिन सरकार और तमिलनाडु में पथ संचलन स्टालिन सरकार के कथित धर्म निरपेक्षता के नाम पर सनातन धर्म का अपमान करती है। कभी आरएसएस को केवल इसलिए मार्च निकालने की इजाजत नहीं देती, क्योंकि रास्ते में मस्जिद और चर्च पड़ते थे। स्टालिन सरकार के कथित धर्म निरपेक्षता से पर्दा उठाते हुए तमिलनाडु हाइकोर्ट ने भी सरकार की कथित धर्म निरपेक्षता पर सवाल खड़ा कर दिया है।**

# तमिलनाडु हाइकोर्ट का आरएसएस के पथ संचलन को अनुमति सत्य की जीत



सुखदेव वशिष्ठ



भारत माता को फिर से परम वैभव पर पहुंचाने के लक्ष्य के साथ अपने पथ पर अग्रसर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ वर्तमान में सामाजिक समरसता का मूर्तरूप है। संघ में जाति किसी भी स्वयंसेवक की योग्यता एवं दायित्व का निर्धारण नहीं करती। सभी स्वयंसेवकों का आचरण, व्यवहार, मानसिकता एवं क्रियाकलाप समरसता से ओतप्रोत है। पूज्य सरसंघचालक डॉ हेडगेवार ने 1932 में घोषणा की थी, रा.स्व.संघ के सात वर्ष के कार्यकाल में ही संघक्षेत्र से जातिभेद एवं अस्पृश्यता पूर्णरूपेण समाप्त हो चुकी है। इस घोषणा की सत्यता से महात्मा गांधी 1934 में वर्धा के संघ शिविर में परिचित हुए, जब उन्होंने सभी स्वयंसेवकों को एक ही पंक्ति में साथ भोजन ग्रहण करते देखा, तो उन्होंने प्रसन्नता भी जतायी थी। संघ के द्वितीय सरसंघचालक गुरुजी ने कहा है कि हिंदू समाज के सभी घटकों में परस्पर समानता की भावना के विद्यमान रहने पर ही उनमें समरसता पनप सकती है। वर्तमान सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत ने भी समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की वकालत की है। संघ का विविध क्षेत्र का संगठन वनवासी कल्याण आश्रम भी वनवासी क्षेत्रों में समरसता स्थापित करने के लिए भगीरथ प्रयास कर रहा है। सेवा भारती भी उपेक्षित जातियों में सेवा एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रहा है। डॉ भीमराव आंबेडकर तो कहा करते थे, बंधुता ही स्वतंत्रता तथा समता का आश्वासन है, स्वतंत्रता तथा समता की रक्षा कानून से नहीं होती है।

**संघ शाखा में आने से नेतृत्व के गुण पहले से ही विकसित होने लगते हैं।**

एमके स्टालिन सरकार और तमिलनाडु में पथ संचलन स्टालिन सरकार के कथित धर्म निरपेक्षता के नाम पर सनातन धर्म का अपमान करती है। कभी आरएसएस को केवल इसलिए मार्च निकालने की इजाजत नहीं देती, क्योंकि रास्ते में मस्जिद और चर्च पड़ते थे। स्टालिन सरकार के कथित धर्म निरपेक्षता से पर्दा उठाते हुए तमिलनाडु हाइकोर्ट ने भी सरकार की कथित धर्म निरपेक्षता पर सवाल खड़ा कर दिया है। राज्य के पुलिस प्रशासन से इजाजत नहीं मिलने के बाद आरएसएस ने पथ संचलन की मंजूरी केलिये तमिलनाडु हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। संघ ने मांग की कि कोर्ट उन्हें मार्च निकालने की अनुमति दे। इस मामले में सुनवाई करते हुए हाइकोर्ट ने एमके स्टालिन सरकार के धर्म निरपेक्षता पर सवाल उठाया। जस्टिस जी जयचंद्रन ने राज्य पुलिस को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि रास्ते में मस्जिद है, तो फिर आरएसएस को मार्च निकालने या फिर जनसभाएं करने की इजाजत क्यों नहीं दी जा सकती। इस तरह का तर्क देकर रोक लगाना तो धर्म निरपेक्षता के खिलाफ है।

**महात्मा गांधी ने कहा था, जब भी मैं निराशा होता हूं, तब इतिहास के पन्नों को पलटकर सत्य और प्रेम की जीत को दोहराने वाले तथ्यों का स्मरण करता हूं। इतिहास के पन्नों पर आतातायी और हत्यारे भी रहे हैं और कुछ पल के लिए वो अजेय भी दिखे, लेकिन यह खास ख़्याल रखें कि अंत में उनका खात्मा हुआ है।**

2025 में अपनी यात्रा के 100 वर्ष पूरे करने वाला राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने 100 वर्ष की यात्रा में अपने कार्य से समाज का विश्वास जीता है। आज स्वयं की प्रेरणा से राष्ट्र, समाज, देश, धर्म तथा संस्कृति की सेवा करने वाले व उसकी रक्षा कर उसकी अभिवृद्धी के लिए प्रामाणिकता तथा निःस्वार्थ भाव से कार्य करने वाले स्वयंसेवकों के शुद्ध चरित्र के कारण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से किसी समय वैचारिक मतभेद रखने वाले भी असीम प्रेम करने लगे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आद्य सर संघचालक प.पू. डॉ हेडगेवार अपने जीवनकाल में राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिये चल रहे सामाजिक, धार्मिक, क्रांतिकारी व राजनैतिक क्षेत्रों के सभी समकालीन संगठनों व आंदोलनों से संबध्द रहे व अनेक महत्वपूर्ण आंदोलनों का नेतृत्व भी किया। समाज के स्वाभिमानी, संस्कारित, चरित्रवान, शक्तिसंपन्न, विशुध्द देशभक्ति से ओत-प्रोत, व्यक्तिगत अहंकार से मुक्त व्यक्तियों के ऐसे संगठन जो स्वतंत्रता आंदोलन की रीढ़ होने के साथ ही राष्ट्र व समाज पर आने वाली प्रत्येक विपत्ति का सामना कर सके, की कल्पना के साथ संघ का कार्य शुरू हुआ। शाखा द्वारा सहज विकास -संघ शाखा के संपर्क में आये बिना कार्य की वास्तविक भावना समझ में आनी मुश्किल है। भारत की सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप संघ ने भगवा ध्वज को परम सम्मान के अधिकार-स्थान पर अपने सामने रखा है।

संघ शाखा में आने से नेतृत्व के गुण पहले से ही विकसित होने लगते हैं। संघ शाखा में गट नायक, गण शिक्षक, मुख्य शिक्षक का दायित्व संभालते संभालते स्वयंसेवक में अनुशासन का भाव और नेतृत्व के गुण उभरने लगते हैं। जिससे उनका विकास होता रहता है। स्वयंसेवकों में कई नये गुण विकसित होते रहते हैं, जैसे शाखा में हर रोज गीत होता है, जिससे जो बच्चा जिसका स्वर अच्छा होता है, उसको गाने का मौका मिलता रहता है। शाखा में हर रोज कहानी, समाचार समीक्षा आदि के कार्यक्रम में स्वयंसेवकों का बौद्धिक स्तर भी निखरता है। शाखा में जाकर सभी को एक बड़ा परिवार मिलता है। अपने से बड़ों से मार्गदर्शन और स्नेह, छोटों की देखभाल और साथियों से सामंजस्य आदि के गुण मिलते हैं।

संघ द्वारा बच्चों और युवाओं के मानसिक शारीरिक विकास के लिए वर्ष में बाल शिविर, प्राथमिक शिक्षा वर्ग, संघ शिक्षा वर्ग, गीत प्रतियोगता, कहानी, खेल प्रतियोगिता, घोष आदि आयोजित करता रहता है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय त्योहारों को मनाने की परंपरा जो संघ ने विकसित की है, वास्तविक राष्ट्र जीवन के प्रति भाव जगाने की दृष्टि से एक प्रभावी माध्यम है। शाखा में अपने क्षेत्र में प्रत्येक परिवार किस प्रकार आदर्श परिवार बन सके, उसके सभी सदस्य संस्कारवान व देशभक्त हों, इसकी चिंता बराबर होती है।

स्टालिन सरकार द्वारा इस प्रकार की कार्यवाही उनके गैर पक्षपातपूर्ण होने पर संदेह उत्पन्न करता है और संघ के बारे में उनकी जानकारी का अभाव ही दिखाती है।

महात्मा गांधी ने कहा था, जब भी मैं निराशा होता हूं, तब इतिहास के पन्नों को पलटकर सत्य और प्रेम की जीत को दोहराने वाले तथ्यों का स्मरण करता हूं। इतिहास के पन्नों पर आतातायी और हत्यारे भी रहे हैं और कुछ पल के लिए वो अजेय भी दिखे, लेकिन यह खास ख़्याल रखें कि अंत में उनका खात्मा हुआ है। जीत हमेशा सत्य की हुई है। आशा है स्टालिन संघ की शाखा में आकर उसको समझने का प्रयास करेंगे और उसकी आत्मा को आत्मसात करेंगे।

## जमशेदपुर की खबरें

# परसुडीह मखदमपुर फाटक के समीप चौथे दिन भी की गयी साफ सफाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बीते दिनों जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के पहल पर परसुडीह मखदमपुर फाटक के समीप सड़क किनारे से गंदगी की साफ सफाई चौथा दिन भी जारी रहा। विधायक के निर्देश पर दुर्गा पूजा के बाद खुदीराम बोस पार्क का निर्माण होगा। विधायक के निर्देश पर सेवा ही लक्ष्य संस्था के अध्यक्ष मानिक मलिक ने कार्य का देखभाल में जुटे रहे। उन्होंने बताया क्षेत्र में जिस तरह गंदगी का अपार कचरा पड़ा है लगातार चार दिन से जेसीबी और हाईवा के माध्यम सफाई कराया जा रहा है। उन्होंने आम लोगों से परसुडीह क्षेत्र में साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने की अपील की। उन्होंने कहा विधायक के पहल पर पार्क का निर्माण होने से क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिलेगी। उधर सड़क किनारे खुदीराम बोस पार्क का निर्माण की जानकारी मिलने पर परसुडीह क्षेत्र के लोगों ने खुसी जाहिर की। इस अवसर पर संजय सिंह,गौरव घोष, सुखलाल छात्रर, विनय, मनोज दास सहित अन्य उपस्थित रहे।

## राज्यपाल बनने पर दी बधाई, बन्ना ने कहा, कोल्हान के लिए गौरव की बात

# नव मनोनीत राज्यपाल रघुवर दास से मिले मंत्री बन्ना गुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** ओड़िशा के नव नियुक्त राज्यपाल और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता बधाई देने उनके आवास पहुंचे। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि झारखंड गठन के बाद संभवतः यह पहला अवसर है कि यहां के किसी विधायक को राज्यपाल का महत्ती दायित्व प्रदान किया गया है। यह ना केवल रघुवर जी बल्कि पूरे कोल्हान प्रमंडल और झारखंड प्रदेश के लिये गौरव का विषय है। उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि रघुवर दास के रूप में ओड़िशा राजभवन को एक निष्पक्ष नेतृत्व प्राप्त होगा। साथ ही रघुवर दास के लंबे राजनीतिक अनुभव का लाभ ओड़िशा राज्य को प्राप्त होगा। उन्होंने आगे कहा कि यह भारत के सुदृढ़ लोकतंत्र की खूबसूरत है जिसमें जनप्रतिनिधि पार्टी लाइन से ऊपर उठ कर एक दूसरे का सम्मान करते हैं। इस अवसर पर कमल किशोर अग्रवाल, संदीप मुरारका,सन्नी संघी, कुलवंत सिंह बंटी, सतबीर सिंह सूमो, दिनेश कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

# मंगल कालिंदी ने विभिन्न पूजा पंडालों में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की



आजाद सिपाही संवाददाता

**पटमदा।** शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र में भी दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन किया गया। महासप्तमी के दिन विधायक मंगल कालिंदी ने विभिन्न पूजा पंडालो में मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए सुख, शांति, समृद्धि और खुशियली की कामना की। मौके पर विधायक ने क्षेत्र के ग्रामीणों से मुलाकात कर दुर्गा पूजा के ढेर सारी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विधायक ने पटमदा के श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति गोबरघुसी,सिलीपाहाड़ी, झुंजका, लच्छिपुर, चौंरा, बांगुरदा, पटमदा बाजार,श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति नारगा, पीपला, बड़ा बाँकी, पोखरी के द्वारा निर्मित पूजा पंडाल पहुँच कर माँ के समक्ष माथा टेका। मौके पर विधायक ने कहा माँ दुर्गा के आशीर्वाद सदेव जुगसलाई विधानसभा व झारखंड वासियों के लिए हमेसा बनी रहे, हेमंत सरकार ने क्षेत्र का और तेजी से विकास हो, मां सभी का मंगल करें यही कामना करते है। इस अवसर पर प्रतिनिधि चंद्रशेखर टूडु, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, बीस सूत्री अध्यक्ष कालीपोदो महतो, ग्राम प्रधान अश्विनी सिंह सरदार, ग्राम प्रधान बेलु सिंह, ग्राम प्रधान दसरथ सिंह सरदार, ग्राम प्रधान समय सिंह, अश्विनी महतो, मानिक महतो, स्वपन महतो, मंटू महतो, सुदीप महतो, संजय सिंह, आशुदेव महतो, समर सिंह, सत्रुघन सिंह, सनोज अंसारी सहित कमिटी के सैकड़ो सदस्य और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# चोरी के मामले का हुआ खुलासा, दो गिरफ्तार, दो स्कूटी और बैटरी बरामद



आजाद सिपाही संवाददाता

**अदित्यपुए।** आरआईटी थाना क्षेत्र के रणवीर पॉलीमर इंडस्ट्री कंपनी से एक्साइड का 6 बैटरी स्कूटी से लेकर भागने की शिकायत पुलिस को मिली। पुलिस ने मुस्तेदी दिखाते हुए दोनों चोर को स्कूटी का पीछा कर धर दबोचा।गिरफ्तार आरोपी में काशीडीह का रहने वाला राज सिंह उर्फ कुंडू व गोलमुरी का रहने वाला सुजीत सिंह शामिल है। पुलिस ने उनके पास से दो स्कूटी व 6 बैटरी बरामत कर लिया। फिलहाल पुलिस ने दोनों आरोपी से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# बनता नगर से बकरी चोरी, थाना प्रभारी की सूझवूझ से किया गया बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** बीते दिनों बनता नगर में रहने वाले जानू सोए के घर से बकरी चोरी हो गई थी। परिवार के लोगो ने इसकी लिखित शिकायत आरआईटी पुलिस से की। मौके पर बस्ती वासियों ने थाना परिसर में पहुच कर न्याय के लिए गुहार लगाई। उधर जानकारी मिलने पर पुलिस ने सूत्रों से पता लगाने में जुट गई। उधर छानबीन के बाद पुलिस ने सोना देवी के घर से बकरी को बरामत कर लिया। जिसके बाद पुलिस ने काजल पांडे से भी शक्ति से पूछताछ की। काजल पांडे ने बताया उस बकरी को चोरी कर सोना देवी को बेची थी। फिलहाल पुलिस जानू सोए को बकरी सोप कर आगे की कार्रवाई में जुड़ गई है।

# भाजपा विधायक दल के नेता अमर बाउरी का भाजपाइयों ने किया जोरदार स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** चंदनकियारी के विधायक और अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह भाजपा विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी शहर पहुंचे। शनिवार को उन्होंने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और उड़ीसा से राज्यपाल रघुवर दास के एग्रीको स्थित आवास में मुलाकात कर राज्यपाल बनने पर बधाई दी। मौके पर अमर कुमार बाउरी ने मीठा खिलाकर उनके लंबी आयु का कामना की। उधर साकची स्थित भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में भाजपा विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद पहली वार शहर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अमर बाउरी को पुष्पगुच्छ,अंगवस्त्र और पुस्तक भेंटकर उन्हें संगठन द्वारा मिले दायित्व पर शुभकामनाएं व्यक्त की। कार्यालय में उत्साहित कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिंदाबाद और अमर बाउरी जिंदाबाद के नारे लगाकर अपनी खुशियां व्यक्त की। मौके पर नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा भाजपा एक परिवाररूपी पार्टी है। जहां किसी को भी दायित्व मिलने से पूरे परिवार के कार्यकर्ता संकल्पित होकर दायित्व को पूरा करते हैं। उन्होंने कहा यह अवसर भाजपा को चार साल पहले मिलना चाहिए था। लेकिन हेमंत सरकार ने जानबूझकर विपक्ष की आवाज को दबाकर रखा। राज्य में नेता प्रतिपक्ष ना होने से अनेकों संवैधानिक मुद्दे गौण रहे। जनता के मुद्दे जिस तरह से विधानसभा के पटल पर उठने चाहिए उनसब जनमुद्दों पर सरकार ने इस प्रकरण में एक कवच के रूप में इस्तेमाल कर खुदको बचाये रखा। बाउरी ने कहा अब एक वर्ष शेष बचे हैं और पार्टी ने जो दायित्व दिए हैं उनमें झारखंड की साढ़े तीन करोड जनता के जो प्रश्न है, जो विषय है, जिनका सरकार के द्वारा लगातार उपेक्षा की गई है, उनमें प्रमुख रूप से गलत बयानबाजी, भ्रष्टाचार, ध्वस्त कानून-व्यवस्था, बेरोजगारी, वादाखिलाफी, महिला अपराध जैसे मुद्दों को सदन के अंदर पुरजोर तरीके से रखकर लड़ाई लड़ेंगे। इस अवसर पर रीता मिश्रा, देवेंद्र सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा, नीरज सिंह, भरत सिंह, कुसुम पूर्ति, संजीव सिन्हा, सुधांशु ओझा, बबुआ सिंह, अनिल मोदी, जितेंद्र राय, पप्पू सिंह, मंजीत सिंह, नीलू मछुआ, प्रेम झा, बिनोद सिंह, नारायण पोद्दार, बिमल बैठा, अजीत कालिंदी, धर्मेंद्र प्रसाद, अमित अग्रवाल, चंचल चक्रवर्ती, अजय सिंह, हेमंत सिंह, सुरेश शर्मा, बिनोद राय, त्रिदेव चट्टराज, संतोष ठाकुर, दीपक पॉल, प्रशांत पोद्दार, संदीप शर्मा बौबी, हन्नु जैन, श्रीराम प्रसाद सिंह, काजू शांडिल, कुमार अभिषेक, शैलेश गुप्ता, विजय सोय, रानी ठाकुर, मिथिलेश साव, रंजीत सिंह, दीपक मुखर्जी, अभिषेक डे, मृत्युंजय यादव समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मां भगवती से प्रार्थना कर रहे हैं यहां के लोगों को सुख, शांति दें : उपायुक्त

**डीसी, एसपी, भंडारा के अध्यक्ष और पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढवा ।** दुर्गा पूजा के अवसर पर जय मां शेरावाली भंडारा की ओर से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य भंडार का आयोजन किया गया है। शेरावाली भंडारा की ओर से 23वां भव्य भंडारा का किया गया है। भंडारा का उद्घाटन डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक कुमार पांडेय, जय मां शेरावाली भंडारा के अध्यक्ष सुनील कुमार उर्फ नागर, कार्यकारी अध्यक्ष सन्नी चंद्रवंशी, युवा समाजसेवी राकेश पाल, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, भाजपा नेता जवाहर पासवान, अंजली, भगत सिंह, गुप्तेश्वर ठाकुर, शैलेंद्र पाठक ने संयुक्त रूप से मां दुर्गा की तस्वीर पर दीप जलाकर और नारियल फोड़कर किया। इसके बाद अतिथियों ने नव कन्याओं को प्रसाद खिलाकर भंडारा का शुभारंभ किया। इस मौके पर डीसी ने कहा कि मां भगवती से प्रार्थना कर रहे है यहां के लोगों को सुख, शांति दे। यहां के लोग आपसी भाईचारा के साथ दुर्गा पूजा मनाने का काम करें। उन्होंने कहा कि जय मां शेरावाली भंडारा में सभी श्रद्धालु लाकर प्रसाद अवश्य ग्रहण करें। एसपी दीपक कुमार पांडेय ने कहा कि जय मां शेरावाली भंडारा की ओर से भव्य भंडारा का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि 23 वर्षों से लगातार भंडारा का आयोजन करना बहुत बड़ी बात है। भंडारा के अध्यक्ष सुनील कुमार उर्फ नागर ने कहा कि पिछले 23 वर्षों से दुर्गा पूजा के अवसर पर भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भंडारा का आयोजन किया गया है। इस मौके पर पिंकी केसरी, विनोद चंद्रवंशी, रामजी पासवान, कंचन साहू, विनोद बघेल, चंदन जायसवाल, दौलत सोनी, भंडारा के किशोर कुणाल, अजीत पासवान, अतुल चंद्रवंशी, पिंटू उर्फ ओला, विजय ठाकुर, प्रितम गोड़, रंथा नायक, अरविंद पटवा सहित कई लोग उपस्थित थे।

# झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी-2023 की ट्रॉफी का डीसी और एसपी ने किया अनावरण

**झारखंड महिला, एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 का आयोजन 27 अक्टूबर से 05 नवंबर 2023 तक रांची में किया जायेगा आयोजित**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर एवं पुलीस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय द्वारा आज समाहरणालय गढ़वा परिसर में झारखंड महिला, एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 के ट्रॉफी का अनावरण किया गया। झारखंड महिला, एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 का आयोजन 27 अक्टूबर से 05 नवंबर 2023 तक रांची झारखंड में निर्धारित है। ऐसे में उक्त एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 के ट्रॉफी का अनावरण और आधिकारिक शुभारंभ का लौंचिंग 13 अक्टूबर 2023 को माननीय मुख्यमंत्री झारखंड सरकार श्री हेमंत सोरेन द्वारा रांची में किया गया है। जिसके पश्चात राज्य के सभी जिलों में उक्त ट्रॉफी का प्रदर्शन किया जा रहा है। साथ ही इस अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में एशिया के 06 (छः) देशों यथा- भारत, जापान, दक्षिण कोरिया, चीन, मलेशिया और थाईलैंड की टीमें भाग लेगी। ऐसे में झारखंड में हॉकी के खेल और उक्त महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी को लोकप्रिय बनाने और बढ़ावा देने के उदेश्य से आज जिला स्तर पर एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 के ट्रॉफी का प्रदर्शन किया गया। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसे देख कर अपने आप को प्रेरित करने के अलावे प्रोत्साहन की अनुभूति महसूस कर सके। ज्ञात हो कि युवाओं में हॉकी के खेल और उक्त प्रतियोगिता को लोकप्रिय बनाने एवं बढ़ावा देने के लिए हॉकी झारखण्ड द्वारा राज्य के सभी जिलों में दिनांक 14 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2023 तक उक्त ट्रॉफी का प्रदर्शन किया जा रहा है।

इस दौरान उपायुक्त ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि गढ़वा के लिए यह ऐतिहासिक क्षण है कि गढ़वा जिले में पहली बार किसी भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता के ट्रॉफी का अनावरण किया गया। उक्त मौके पर मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा राज महेश्वरम, गढ़वा जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, गढ़वा जिला हॉकी संघ अध्यक्ष अरविंद तूफानी, देराज चौबे, ओम प्रकाश गुप्ता, प्रशिक्षक समेत गोपनीय शाखा प्रभारी विकास कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडे, नजारत उप समाहर्ता निलेश मुर्मू, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नीतीश कुमार निशांत, जिले के खिलाड़ी, स्थानीय नागरिक और अन्य उपस्थित थे।

## मां के जयकारे से गुंजायमान हुआ शहर



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शारदीय नवरात्र के सप्तमी तिथि को सभी पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का पट्ट खुल गया। जहां एक ओर प्राण प्रतिष्ठा की पूजा हो रही है वहीं दूसरी ओर एक साल के इंतेजार के बाद श्रद्धालु पंडाल पहुंच मां का दर्शन कर रहे हैं। उधर गढ़देवी मंदिर में स्थापित मां की प्रतिमा के दर्शन के लिए भी भारी भीड़ मंदिर मे पहुंच रही है। मां का पट्ट खुलते ही गढ़देवी मंदिर के अलावे विभिन्न पूजा पंडाल में मां का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। मां का पट्ट खुलते ही पंडाल में दुर्गा मईया के जयकारे से गूंज उठा। मां का दर्शन करने के लिए भक्तों का उत्साह देखने लायक था। दिन के दो बजे के बाद पूरा शहर भगती मय हो गया था। मानों हर तरफ भक्ति की बयार बह रही हो। वही जय माँ शेरावाली भगलपुर मे भी भव्य पूजा पंडाल का उद्घाटन व भंडारे का शुभारंभ किया गया। जहां काफी संख्या महिलाएं बच्चे पुरूष सभी ने भंडारे का लुफ्त उठाया व भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

## मां दुर्गा दरबार की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा के लिए निकली कलश यात्रा



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित मां दुर्गा दरबार के प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को कई जगह भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। मुडल टोला तथा चांदनी चौक के समीप पंडाल में स्थापित मां दुर्गा दरबार के प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बाजे गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गर्यी। इस अवसर पर मुड़ल टोला में नवयुवक फ्रेंड्स क्लब द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, मुखिया रामसागर महतो, बीडीसी, झामुमो नेता दशरथ प्रसाद, अतहर अली, राजेश बैठा, भाजपा नेता संजय भगत, पूर्व मुखिया सुषमा कुशवाहा आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उस मौके पर प्रमुख सहित अन्य प्रतिनिधियों ने लोगों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं देते हुए मां दुर्गा से सभी के लिए मंगल कामनाएं की गयी। भंडारे मैं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया।

## सप्तमी को भंडारा का किया गया आयोजन



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित माँ काली युवा संघ के तत्वाधान में शारदीय नवरात्र के सप्तमी के पावन अवसर पर भंडारा का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ रघुनाथ अखाड़ा हनुमान मंदिर के महंत बलराम पांडेय एवं रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानन्द राम, रंका कला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया, सुमन जी संयुक्त रूप से श्रद्धालु जनों को प्रसाद खिलाकर किया। इस भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष रंजीत शौंडिक, सचिव वैकुंठ कुमार, कोषाध्यक्ष सोनू मद्धेशिया, मिडिया प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने भंडारा प्रसाद वितरण में काफी योगदान किया।

## कांडी पंचायत के युवा मुखिया के सौजन्य से भंडारा का आयोजन



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कांडी मुख्य बाजार स्थित महाबीर मंदिर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी माँ दुर्गा की मूर्ति रख धूमधाम से पूजा की जा रही है। वहीं श्रद्धालुओं के लिए शनिवार को विशेष भंडारा का आयोजन मुख्य रूप से कांडी पंचायत के युवा मुखिया विजय राम के सौजन्य से रखा गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि कांडी थाना प्रभारी दीपक कुमार राणा थे। वहीं जिला परिषद सदस्य सुषमा कुमारी, एसआई राहुल कुमार मिश्रा, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि दिनेश कुमार, मुखिया विजय राम और बीडीसी प्रतिनिधि अनूप कुमार भी मुख्य रूप से उपस्थित थे। थाना प्रभारी व जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से फीता काट कर पूजा पंडाल व आयोजित भंडारा का उद्घाटन व शुभारंभ किया। इस मौके पर मुखिया विजय राम ने कहा कि इस वर्ष यह 79 वीं आयोजन है। कांडी पूजा के आयोजन में सभी लोगों का बहुत सहयोग मिलता है। मुखिया ने सभी को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया है।

## खुला पट, भक्तों की लगी भीड़



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शारदीय नवरात्र के सप्तमी तिथि को मां काली पूजा समिति के द्वारा भव्य पूजा पंडाल का उद्घाटन किया गया। मां दुर्गा की पट खूलते ही लोगों की भीड़ उम्ड़ पड़ी। पूजा समिति के अध्यक्ष पीयूष पाठक ने बताया कि मां काली पूजा समिति लगातार 1980 से शारदीय नवरात्र के मौके पर पूजा का आयोजन करते आ रहा है। उन्होंने बताया कि मां काली के आशीर्वाद से सभी की मनोकामना पूर्ण होते आ रही है। यह पूजा का आयोजन हमारे द्वारा निरंतर किया जायेगा। मौके पर पूजा समिति के सचिव प्रिंस पाठक, कोषाध्यक्ष राहुल पाठक, संरक्षक विनोद पाठक, पारस पाठक, अशोक पाठक, प्रभु नाथ पाठक सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# जीएन कान्वेंट स्कूल में एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर और बेल्ट ग्रेडिंग का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** इंटरनेशनल टाइगर्स फुल कांटेक्ट कराटे फेडरेशन के तत्वाधान में पलामू प्रमंडल स्तर पर एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर और बेल्ट ग्रेडिंग का आयोजन जीएन कान्वेंट स्कूल (10+2) गढ़वा में किया गया। जिसमें गढ़वा, डालटनगंज, लातेहार के कराटेकारों ने हिस्सा लिया। शिविर में कराटेकारों को प्रशिक्षण सेल्फ-डिफेंस, डंडा, इत्यादि का मुख्य प्रशिक्षण सिकंदर प्रजापति, मोहम्मद शहजाद कादरी, संजय पासवान, नटवर पांडे, गुनगुन प्रिया, डौली, संध्या, चांदनी इत्यादि के द्वारा दिया गया और 40 कराटेकारो के बेल्ट ग्रेडिंग का परीक्षा पास कर पीला, नारंगी, हरा, नीला, भूरा बेल्ट प्राप्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि स्कूल के चेयरमैन और शिक्षाविद मदन केशरी ने नवरात्रि के अवसर पर उपस्थित सभी को बधाई और शुभकामनाएं दीं और कहा कि आज के परिवेश में लड़कियों को आत्मरक्षा कला सीखना अति आवश्यक है। तभी हम लड़कियों के साथ हो रहे अपराध पर अंकुश लगा सकते हैं साथ ही मैं मुख्य मार्शल-आर्टस प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार को बहुत-बहुत बधाई दे रहा हूं जिनको 24 सितंबर को मलेशिया में इंटरनेशनल गोल्डन अवार्ड से नवाजा गया है। यह झारखंड के इकलौते मार्शल आर्ट शिक्षक हैं जिन्हें यह अवार्ड मिला। पलामू प्रमंडल के लिए यह गौरवपूर्ण बात है। बहुत जल्द ही विद्यालय की तरफ से इनको सम्मानित किया जायेगा। इस शिविर और बेल्ट ग्रेडिंग में जीएन कान्वेंट स्कूल के अलावा संत मरियम स्कूल, ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल, रोटरी पब्लिक स्कूल, एलिट पब्लिक स्कूल, सनातन विद्या निकेतन, आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बिश्रामपुर, संत पॉल पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर, संत पॉल स्कूल, कैंब्रिज पब्लिक स्कूल, आनंद मार्ग स्कूल, इत्यादि विद्यालयों के कराटेकरो ने हिस्सा लिया।

# रामा साहू स्कूल के मैदान में क्रिकेट लीग का आयोजन

**जावा क्रिकेट क्लब ने सूर्या टीम को 68 रनों से हराया**



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शहर के रामासाहू स्टेडियम में गढ़वा जिला क्रिकेट संघ की ओर से लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सह एसडीएम राज माहेश्वरम, सचिव राघवेद्र नारायण सिंह, ओलंपिक संघ के शैलेंद्र पाठक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और क्रिकेट खेलकर किया। मुख्य अतिथि के द्वारा दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उद्घाटन मैच जावा क्रिकेट क्लब और सूर्या क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जावा क्रिकेट क्लब 199 रन पर ऑल आउट हो गयी। जिसमे आनंद ने अपनी टीम की ओर से सर्वाधिक 33 रन बनाये। वहीं गेंदबाजी में यशराज ने चार विकेट लिए। वहीं जवाबी पारी खेलने उत्तरी सूर्या क्रिकेट क्लब महज 121 रन पर ही ऑल आउट हो गयी। इस तरह से जावा क्रिकेट क्लब 68 रन से विजयी रही। सूर्या की ओर से दिव्य प्रकाश ने सर्वाधिक 41 रन बनाये। गौरतलब है की इस क्रिकेट लीग में कुल छः टीम भाग ले रही है।

# सात करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क का हुआ शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका ।** रंका प्रखंड अंतर्गत खरडीहा पंचायत के राष्ट्रीय राजमार्ग 343 खरडीहा से तेनुडीह गाँव तक लगभग 7.5 किलोमीटर लगभग 7 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली कालीकरण पीसीसी सड़क निर्माण का झामुमो प्रखंड कमेटी रंका के प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, रंका अनुमंडल अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी, रंका प्रखंड विधायक प्रतिनिधि पूर्व मुखिया अनिल कुमार चंद्रवंशी, युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, कुमार गुलाब सिंह, रंका बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, बीस सूत्री उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय ने संयुक्त रूप से भूमिपूजन कर किया। इस मौके पर रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता ने बताया कि इस रोड का जल्द ही गढ़वा विधायक सूबे के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर बृहद शिलान्यास करेंगे। कार्य में देरी ना हो इसलिए शुभारंभ करा दिया गया है ताकि दुर्गा पूजा में लोगों को परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि मंत्री मिथिलेश ठाकुर के नेतृत्व में संपूर्ण गढ़वा में तेजी से विकास हो रहा है और इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में आगे बढ़ रहा है। इस क्षेत्र की जनता ने जिस आशा व उम्मीद से श्री ठाकुर को विधायक बनाया उससे भी आगे बढ़ कर कार्य हो रहा है। इस अवसर पर रंका महिला मोर्चा के सचिव प्रियंका तिवारी, सचिव मो अलीम, मुमताज रंगसाज, खरडीहा पंचायत अध्यक्ष योगेंद्र यादव, युवा अध्यक्ष बुधन यादव, प्रखंड कमेटी के मदन खान, शत्रुघ्न चंद्रवंशी, संजय सिन्हा, मुकेश तिवारी, सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# 'लाइफ स्किल्स' विषय पर आरकेपीएस में चौथी इनहाउस कार्यशाला का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आरकेभीएस के सभागार में सीबीएसई के दिशा निर्देशानुसार शिक्षकों के लिए चौथे इनहाउस कार्यशाला आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में ऑफलाइन ट्रेनिंग के लिए आर के ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस अंतर्गत संचालित सभी स्कूल आरकेपीएस गढ़वा, श्रीबंशीधर नगर, उंचरी, मझिआंव और हूर के शिक्षक-शिक्षिकाएं सम्मिलित हुए। कार्यशाला का शुभारंभ आर के ट्रस्ट के चेयरमैन सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने विडियो कॉनफ्रेसिंग के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया। निदेशक ने विडियो कॉन्फ्रेसिंग के द्वारा कार्यशाला में उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज नवरात्रि(दुर्गा पूजा) का सप्तमी दिन बड़ा ही पावन दिन है। काम करने वाले व्यक्ति का हर दिन विशेष होता है, खासकर आप सभी शिक्षकों के लिए जो समाज व देश के निर्माता है। आगे कार्यशाला के विषय पर बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी स्किल एजुकेशन पर विशेष जोर दिया है। एनईपी 2020 के अनुसार अब शिक्षा को भी स्कील से जोड़ा गया है जिससे कि जीवन का चहुंमुखी विकास संभव हो सके। सुखद और बेहतर जीवन के लिए स्किल्स का होना बहुत जरुरी है। स्किल्स जीवन का अभिन्न अंग है जो हर क्षेत्र में काम आता है। अपने संबोधन के अंत में उपस्थित सभी लोगों व स्कूल परिवार को दुर्गा पूजा व दशहरा की बधाई और शुभकामनाएं दी।

# शिक्षा ही है जीवन जीने का आधार : डॉ कुलदेव

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा ।** सदर प्रखंड गढ़वा के रंका बौलिया पंचायत अंतर्गत डटमा गांव में दुर्गा पूजा महोत्सव के अवसर पर सैकड़ो श्रद्धालु भक्तजनों ने कलश यात्रा लेकर तहले नदी के लिए प्रस्थान किया। जहां सभी लोगों ने अपने बच्चों को शिक्षित करने और बेहतर समाज बनाने के लिए संकल्प लिया। मौके पर पहुंचे महर्षि वेदव्यास परिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ कुलदेव चौधरी ने कहा कि जब तक समाज शिक्षित नहीं होगा, तब तक किसी भी क्षेत्र में सफलता नहीं मिलेगी।

वहीं दशहरा को बुराई पर अच्छाई की जीत और अन्याय पर न्याय की जीत, अधर्म पर धर्म की जीत बताते हुए कहा कि जो समाज में बाल विवाह, दहेज प्रथा, नशाखोरी, जुआ ताश जैसी गंभीर समस्याएं हैं उस बुराइयों को समाप्त करने के बाद ही जन कल्याण संभव है। समाज में एक बड़ा परिवर्तन दिखेगा। डॉ चौधरी ने कहा कि निषाद/मल्लाह समाज को हमेशा नीचे स्तर से देखा गया है लेकिन आज लोग जग चुके हैं अब जगाने की जरूरत नहीं बल्कि एकजुट होने की जरूरत है और एक दूसरे को सहयोग करने की जरूरत है। सभी क्षेत्र में लोग आगे बढ़ेंगे और सामाजिक स्तर को मजबूती मिलेगी।

डॉ चौधरी ने यह भी कहा कि पूजा-पाठ, पर्व-त्योहार हमारे जीवन का हिस्सा हो सकता है, लेकिन किसी पद को पाने के लिए पढ़ाई और मेहनत जरूरी है। शिक्षा ही जीवन जीने का आधार है। किसी व्यक्ति की बुराई करने से अच्छा है अपने लाइफ स्टाइल को बदलें, निश्चित रूप से आपको तरक्की मिलेगी। साथ आपको हर क्षेत्र में मान-सम्मान मिलेगा। किसी को नुकसान पहुंचाकर कोई भी व्यक्ति आगे नहीं बढ़ा है बल्कि एक साथ लेकर चलने वाला व्यक्ति का अलग पहचान होता है और उसका समाज में नाम होता है। मौके पर गढ़वा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मंदीप मल्लाह, डंडा जिला पार्षद अजय कुमार चौधरी, वीआईपी जिलाध्यक्ष सरोज चौधरी, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि रामकलेश चौधरी, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि लक्ष्मी चौधरी, उप मुखिया शोभा देवी, भिखही पूर्व मुखिया नन्दू चौधरी, भाजपा नेता लखन चौधरी, पूजा समिति अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी, सेविका सविता आदि उपस्थित थे।

## लक्ष्मी नारायण महायज्ञ आयोजन 23 अक्टूबर से



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** स्थानीय पाल्हे-जतपुरा में 23 अक्टूबर से आयोजित होने वाले लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर डीसी शेखर जमुआर और एसपी दीपक पांडेय के अलावे कई पदाधिकारियों ने यज्ञ स्थल पहुंच कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान पदाधिकारियों ने महान संत जीयर स्वामी जी महाराज से आशीर्वाद लिया। इसके बाद निमियाडीह में बनने वाले तीन हेलीपैड का जायजा पदाधिकारियों ने लिया। इस दौरान डीसी और एसपी ने भवन निर्माण विभाग और एनएचएआई के पदाधिकारियों को ससमय कार्य पूरा करने का निर्देश देते हुए एनएचएआई को हेलीपैड के बैरिकेटिंग करने का निर्देश दिया।

## पूजा पंडालों के पट खुले, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय समेत आस पास के क्षेत्रों में शारदीय नवरात्र के सप्तमी के दिन कलश स्थापना के साथ ही श्रद्धालुओं के लिए पूजा पंडालों का पट खोल दी गयी है। पूजा को लेकर सभी मंदिरों और पूजा पंडालों में भक्तिमय का माहौल बना हुआ है। भक्तों ने दुर्गा सप्तशती के मंत्रों के उच्चारण कर दुर्गा मां की आराधना की। वही सप्तमी को प्रखंड के विशुनपुरा पोखरा चौक स्थित जीवन ज्योति क्लब, नवशक्ति संघ पिपरी,ओढेया, पिपरी कला, नवयुवक संघ महुली कला, सारो युवा जन मोर्चा क्लब सहित पूजा पंडालो से श्रद्धालुओं ने गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा के दौरान मंत्रोच्चार व माता की जयघोषों से वातावरण भक्तिमय बना हुआ था।

## खूंटी में कैमरे की नजर से पूजा परिक्रमा













### पंडालों में नव पत्रिका देवी प्रवेश के साथ ही दुर्गा पूजा की धूम

# खुले पट, उमड़ी भीड़

आजाद सिपाही टीम

**खूंटी/पिपरवार।** शारदीय नवरात्र की सप्तमी को विभिन्न पूजा पंडालों में नव पत्रिका के रूप में देवी आगमन के साथ ही शनिवार को खूंटी जिले में दुर्गा पूजा शुरू हो गई। सभी पूजा पंडालों के पट खुल गए हैं। साथ ही पंडालों में पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है। पंडालों में बज रहे सुमधुर भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। इससे पूर्व सुबह विभिन्न पंडालों के लोग बाजे-गाजे के साथ विभिन्न जलाशयों में गए। जहां पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद नवपत्रिका देवी से पंडालों में आगमन के लिए प्रार्थना की गई। पूजन अनुष्ठान के बाद पूरे भक्ति भाव से मां दुर्गा के नवपत्रिका स्वरूप को डोली में बैठाकर भक्त पूजा पंडाल तक लेकर आए। पंडालों में नव पत्रिका देवी प्रवेश के बाद श्रद्धालुओं में मां को नमन करने के लिए होड़ सी मच गई। बाद में नेत्रदान और सप्तमी की पूजा-अर्चना पूरे विधि-विधान से संपन्न हुई और लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। शहर के सभी पूजा पंडालों के पट खुल जाने के बाद पूजा पंडालों में मां भवानी के दर्शन के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा।



बचरा में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा।

## डकरा सुभाष नगर ब्रह्माकुमारी के सुख-शांति भवन में सजायी गयी चैतन्य देवियों की झांकी, दर्शन करने पहुंच रही भारी भीड़

**खलारी (आजाद सिपाही)।** ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला डकरा सुभाष नगर के सुख-शांति भवन में चैतन्य देवियों की झांकी शनिवार को सजाई गई। इस एक दिवसीय झांकी का शुभारंभ लपरा पंचायत मुखिया पुतुल देवी के अलावा मायापुर पंचायत मुखिया पुष्पा खलखो ने किया। इस चैतन्य झांकी में शिव दरबार जीवंत हो उठा। मोहक झांकी में देवी-देवताओं की मुद्रा में दर्शकों को आशीष प्रदान करते रहे। वहीं परिसर में लगी प्रदर्शनी में आत्मा-परमात्मा, देव शक्तियां, मनुष्य जीवन का लक्ष्य, चारों युगों का समय काल, कलयुग की दशा-दिशा, ईष्वरीय व्याख्या, राजयोग से शक्ति की प्राप्ति, सभी धर्मों की उत्पत्ति, सृष्टि चक्र को चित्रात्मक रूप से दशार्या गया। ब्रह्माकुमारी के भैया-बहनों ने प्रदर्शनी के आध्यात्मिक और वैज्ञानिक महत्व को बताया। अतिथियों-श्रद्धालुओं को शिव परमपिता परमात्मा, आत्मा-परमात्मा, राजयोग के बारे में कमल भाई ने विस्तार से बताया।

### तोरपा में भव्य कलश यात्रा निकाली गयी

महासप्तमी पर देवी मंडप दुर्गा पूजा समिति द्वारा नवपत्रिका प्रवेश कों लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा देवी मंडप से शुरू होकर मेन रोड महावीर मंदिर से मस्जिद गली, बड़ाईक टोली होते हुए बांस टोली तालाब पहुंची, जहां नवपत्रिका का महास्नान कराकर डोली में विराजमान कराया गया और बाजे-गेजे के साथ शुभ मुहूर्त में देवी को प्रवेश कराया गया। इधर, तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओम प्रकाश तिवारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमुद कुमार झा, थाना प्रभारी मनीश कुमार और संस्थापक सदस्य रामनज्ञथ गुप्ता, हरि महतो, हेमंत गुप्ता, दिलीप गुप्ता आदि ने नारियल फोड़कर और फीता काटकर देवी मंडप दुर्गा पूजा समिति के पंडाल का उद्घाटन किया। दूसरी ओर, सीसीएल पिपरवार कोयलांचल और आसपास के ग्रामीण इलाकों के सभी पूजा पंडालों का पट खुल गये हैं। महासप्तमी पर देवी दुर्गा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पूजा पंडालों में देखी गई। बचरा पूजा पंडाल और मेला का उद्घाटन पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय ने किया। उन्होंने मां दुर्गा के दर्शन कर क्षेत्र की सुख शांति और खुशहाली की कामना की। साथ ही सभी अतिथियों ने मेला परिसर का निरीक्षण किया। इस मौके पर एजीएम निरजंन सेनापति, अशोका पीओ संजय कुमार, सीएचपी पीओ धनजंय कुमार, एसओपी आलोक मनीष सोय, एके पाठक, अरूण महतो, विद्यापति सिंह, राजेंद्र साव, मुखिया गुंजन कुमारी सिंह, रीना देवी, रविंद्रनाथ सिंह, भीम सिंह यादव, भीम प्रसाद मेहता, एसके चौधरी, अभय सिंह, धीरेंद्र शर्मा, रविंद्र सिंह, रवि भारद्वाज आदि थे।

### दुर्गापूजा को ध्यान में रखते हुए पुलिस-प्रशासन भी अलर्ट

# खुले पूजा पंडालों के पट, देवी दुर्गा के दर्शन को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

सवरूप भट्टाचार्य/रोहित राम

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में महासप्तमी पर शनिवार को पूजा पंडालों के पट दर्शकों के लिए खोल दिए गये। इसके साथ ही देवी दुर्गा के दर्शन के लिए पंडालों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इससे पहले सुबह में कोला बोऊ की विधिवत पूजा की गई। तालाबों में स्नान के बाद विधिवत पंडालों में प्रतिष्ठापित कराया गया। वहीं, बाजारों में रौनक नजर आयी। पूरा बुंडू भक्ति में डूब गया है। सभी पंडालों को आकर्षक तरीकों से कोलकाता के कारीगरों विद्युत सज्जा से सजा दिया गया है। वहीं, पश्चिम बंगाल के पुरुलिया, बर्धमान और खड़गपुर आदि जगहों से कारीगरों को लेकर बेहद आकर्षक ढंग से बनाया गया है। यहां बंगाली समुदाय के लोग बड़ी उमंग के साथ पूजा मनाते हैं। विजय दशमी के दिन बंगाली समाज की महिलाएं सिंदूर खेला भी करती हैं। वहीं, महासप्तमी को तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा द्वारा पंडालों का उद्घाटन किया गया। बतातें चलें कि बिहार क्लब की ओर से 1992 से लगातार पूजा की जा रही है। इस वर्ष पांच लाख रुपये की लागत से बद्रीनाथ मंदिर का प्रारूप त्यैर करवाया गया है। इस पंडाल में काफी ही आकर्षक ढंग से विद्युत साज की गई है। वहीं, मिलन मंदिर क्लब में बंगाली समुदाय में सर्वप्रथम सार्वजनिक दुर्गा पूजा का आयोजन इसी क्लब में किया गया था। इस वर्ष यह पंडाल काल्पनिक थीम पर बनाया गया है, जिसकी लागत चार लाख रुपए है।

**बजरंग दलः** इस वर्ष बजरंग दल में छह लाख रुपये की लागत से काल्पनिक थीम पर पंडाल बनाया गया है, जबकि मूर्ति स्वचालित बनाया गया है, जिसे देखने के लिए लोगों हुजूम उमड़ रहा है। पंडाल में आकर्षण विद्युत सज्जा की गयी है।









**जनकल्याण दुर्गा पूजा समिति :** तीन लाख 50 हजार रुपए की लागत से लोटस टेंपल थीम पर पंडाल बनाया गया है। पंडाल के चारों ओर आकर्षक विद्युत सज्जा की गयी है।

**श्याम सुंदर भूदेव समिति :** श्याम सुंदर भूदेव समिति में इस वर्ष पंडाल की थीम गांव के परिवेश पर रखा गया है। इस पंडाल में गांव के जीवन को सादगी के साथ दिखाया गया है। इसके अलावा श्रीश्री राधा रानी मंदिर समिति को भी विद्युत साज सज्जा के साथ सजाया गया है

**राज राजेश्वरी देवी माता मंदिरः** बुंडू नगर क्षेत्र का सबसे प्राचीन मंदिरों में से इसे माना जाता है। राजा दुर्लभ राय के समय से इस मंदिर में पूजन होते आ रहा है। इस मंदिर की स्थापना साल 1850 में राजा बृजेश्वर राय ने किया था। मंदिर बुंडू क्षेत्र के सबसे पुराणिक मंदिर के रूप में जाना जाता है। इस मंदिर में अस्त्र-शस्त्र की पूजा होती है। पाठ खंड राजा के वंशज महासप्तमी के दिन पड़कर तालाब में मां दुर्गा को लाने के लिए जाते हैं और वहां मां का आह्वान कर-के लाते हैं। विधि विधान से सात्विक ढंग से पूजा होती है। बलि के रूप में कोहड़ा-कद्दू उरद दाल, चावल मां शब्द वक्त बाली के नाम से दिया जाता है। राजा बृजेश्वर राय के वंशज दुर्गा प्रसाद राय द्वारा 2019 में जीर्णोद्धार करते हुए नया मंदिर बनाया गया, जिसमें दुर्गा प्रसाद राय के मां स्मृति शेष सुषमा राय को श्रद्धांजलि स्वरुप समर्पित है। सबसे बड़ा अनुष्ठान इस मंदिर में महाअष्टमी के दिन 84 मौजा के लोग आस्था भक्ति और श्रद्धा से तागा चढ़ाने के लिए नावेद लेकर आते हैं। इसके बाद पूजा कर अपने साथ तागा-थाली ले जाते हैं

**विशाल क्लब :** शिवनारायण महतो शत्रुघ्न महतो राज किशोर कुशवाहा के संरक्षण में आठ लाख रुपये की लागत से आकर्षक काल्पनिक थीम पंडाल का निर्माण किया गया है। इसकी विद्युत लाइटिंग देखते ही बनती है। विद्युत सज्जा को देखने के लिए लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

**बजरंग संघ :** छह लाख 50 हजार रुपए की लागत से स्वचालित मूर्ति का निर्माण किया गया है, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंच रहे हैं। इस पंडाल में काल्पनिक मंदिर का प्रारूप बनाया गया है

**किसान क्लब ताऊ :** दो लाख 50 रुपये की लागत से आकर्षक पंडाल का निर्माण किया गया है।

**डामरी दुर्गा पूजा समिति :** दो लाख 50 हजार रुपए की लागत से आकर्षक काल्पनिक प्रारूप पर पंडाल का निर्माण किया गया है।

**मांझी टोली दुर्गा पूजा समितिः** दो लाख रुपए की लागत से आकर्षक पूजा पंडाल का निर्माण कराया गया है. साथ ही आकर्षक विद्युत साज की गई है।

## पिपरवार के बचरा में विजयीदशमी को 70 फीट के रावण का होगा दहन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बचरा स्वर्ण जयंती स्टेडियम में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति बचरा की ओर से विजयीदशमी पर करीब 70 फीट के विशाल रावण का दहन किया जाएगा। इसे लेकर पूजा समिति की ओर से तैयारी जोर-शोर से की जारी है। बाहर से आए हुए कारीगर बचरा स्टेडियम में रावण बनाने में जुटे हैं। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष विद्यापति सिंह और कार्यकारी सचिव राजेंद्र गुप्ता ने बताया कि इस बार 24 अक्टूबर की शाम विजयीदशमी के दिन बचरा स्वर्ण जयंती स्टेडियम में 70 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इस दौरान जमकर आतिशबाजी करने की भी तैयारी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष बचरा स्टेडियम में जमकर आतिशबाजी के साथ रावण का दहन किया जाता है। जिसमें हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ती है। इधर रावण दहन को लेकर स्थानीय पिपरवार पुलिस के द्वारा बचरा स्टेडियम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली गई। स्टेडियम के प्रवेश द्वार और निकासी द्वार का निरीक्षण कर कई बातों की जानकारी ली गई। इस मौके पर पूजा समिति के लोग मौजूद थे।

## खलारी में कैमरे की नजर से पूजा परिक्रमा



करकट्टा में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा।



खलारी श्रीजानकी रमण मंदिर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा।



खलारी बाजारटांड़ में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा।



केडीएच में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा।



सुभाषनगर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा।



लपरा शिवमंदिर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा।



धमधमिया माइनस चौक में स्थापित देवी दुर्गा।



नावाडीह में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा।

## खलारी कोयलांचल क्षेत्र में नव पत्रिका प्रवेश के साथ मां दुर्गा की आराधना शुरू

**खलारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में शारदीय नवरात्र के सातवें दिन शनिवार को मां कालरात्रि की पूजा की गयी। नव पत्रिका प्रवेश के साथ मां की विधिवत आराधना शुरू हो गयी। सुबह गाजे बाजे के साथ श्रद्धालु नदी-तालाबों में कलश लेकर गये। वहां कोला बऊ की विधिवत पूजन किया गया। इसके बाद सभी लोग जल और केला के पौधे को लेकर मंडप में प्रवेश किये। जहां पंडितों द्वारा विधिवत प्राण प्रतिष्ठा करायी गयी। दुर्गा सप्तषती के पाठ के बाद पुष्पांजलि-आरती की गई। वहीं डकरा बी-टाइप दुर्गा मंडप में कलश यात्रा निकाली गई। एनके जीएम संजय कुमार एवं केडीएच पीओ अनिल कुमार सिंह के साथ पूजा समिति अध्यक्ष अरुण सिंह, संरक्षक ललन प्रसाद सिंह, डीपी सिंह, सचिव संतोष मेहता, सलाहकार मुन्नू, राहुल कुमार, सह सचिव दीपक थापा, अनिल सिंह, दीपक शर्मा, दीपू थापा, विक्की, राजेश सिंह, संदीप, गौतम सहित अन्य उपस्थित थे।

### कांके ब्लॉक चौक में राष्ट्रीय खिलाडी निशांत सिंह ने किया दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन

# राज्य की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की

आजाद सिपाही संवाददता

**कांके।** देशभर में नवरात्रि की धूम है। दुर्गा पूजा को लेकर लोगों का उत्साह चरम पर है। आम और खास माता के दरबार में आशीष लेने के लिए पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में श्री श्री दुर्गा पूजा समिति, कांके ब्लॉक रांची का उद्घाटन राष्ट्रीय खिलाड़ी रायफल शूटिंग में गोल्ड मेडलिस्ट निशांत सिंह ने दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन कर पूजा अर्चना की। निशांत सिंह ने मां दुर्गा के दरबार में माथा टेक कर राज्य की उन्नति की कामना की, उन्होंने कहा कि देश के सभी लोग मिलजुल कर पूजा मनाए ,उनकी खुशहाली आए। निशांत सिंह ने कहां कि देश में कई फूल है और अगर किसी एक फूल को तोड़ दे तो गमले की खूबसूरती कम हो जाती है। इस मौके पर समाजसेवी सह संस्थापक पंकज सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा में शक्ति और मां भवानी की पूजा करते हैं। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा पर दुर्गा मां विश्व का कल्याण करे और सभी





जगह नफरत की दुकान बंद हो आपसी भाईचारा की बना रहे, सब मिलजुल कर त्यौहार को खुशी-खुशी बनाएं। दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल का अनावरण कर मां दुर्गा के दरबार में शीश नवाकर राज्य की सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। पंकज सिंह ने राज्यवासियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दुर्गा पूजा को लेकर राज्य में उत्साह चरम पर है। मां दुर्गा सबके जीवन में खुशहाली लेकर आए। इस मौके पर श्री श्री दुर्गा पूजा समिति कांके ब्लॉक के तमाम सदस्य गण और पदाधिकारी मौजूद थे।

## श्री श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति मालसिंरिंग के पंडाल का उद्घाटन



**कांके।** श्री श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति मालसिरिंग के पूजा पंडाल का पट श्रद्धालुओं के लिए शनिवार (सप्तमी) के दिन से खोल दिया गया। इससे पहले पूजा पंडाल का उद्घाटन लोहरदगा सांसद सुर्दशन भगत और कमिटी के मुख्य संरक्षक सह आजसु जिला कार्यकारी अध्यक्ष हकीम अंसारी ने सम्मिलित तौर पर फीता काटकर किया। इस दौरान पंडित के द्वारा विधिवत मंत्रो उच्चारण किया गया। पूजा कमेटी के मुख्य संरक्षक हकीम अंसारी ने बताया कि नवरात्र को लेकर हर ओर भक्ति का माहौल है। यह पंडाल लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। लोग पूजा पंडाल की भव्यता को देखकर आनंदित हो रहे हैं। मालश्रृंग में पहली बार पूजा पंडाल का निर्माण किया गया है। अब हर वर्ष यहां बड़ी ही धूमधाम से पूजा पंडाल का आयोजन किया जायेगा। उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से लव कुमार गंझू, प्रमोद कुमार, राजू सिंह, लखन उरांव, आकाश कुमार, मन कुमार राम, जनक कुमार गुप्ता, चन्द्रदेव कश्यप, किशोर राम, चौधरी साहू, रामकुमार साहू,राम कुमार, काली चरण महतो, संजय कुमार कासी, नीतीश कुमार, महिला अध्यक्ष कार्तिक देवी, आरती देवी, धर्मी देवी, प्रति देवी मौजूद थे।

# फर्जीवाड़ा : उत्तराधिकारी बन कर 25 एकड़ जमीन अपने नाम करायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** प्रखण्ड के कुच्चू पंचायत अंतर्गत कुच्चू मौजा में बेदिया समुदाय की करीब 25 एकड़ खतियानी जमीन को फर्जी तरीके से उतराधिकारी बनकर अपने नाम पर हस्तांतरण करा लिए जाने का दिलचस्प मामला सामने आया है। बताया गया कि सिकिदीरी थाना क्षेत्र के डिमरा गांव निवासी खतियानी कायमी रैयत रामलाल बेदिया वल्द डीमुआ बेदिया के नाम पर खाता संख्या 138, प्लॉट संख्या 1956, 1957, 1958, 1955/2010 एवं 1814 में कूल रकबा 25 एकड़ 43 डिसमील जमीन है। इस जमीन पर खतियानी रैयत के वंशज मोहनलाल बेदिया, नंदलाल बेदिया, पुसूवा बेदिया, सोनाराम बेदिया, सुकरा बेदिया, विदेश बेदिया, सुलेन्द्र बेदिया, भिखारी बेदिया, प्रहलाद बेदिया, राजेन बेदिया, दिपक बेदिया, सबरण बेदिया, संतोष बेदिया, दशैंया बेदिया, संदीप बेदिया, जितेन्द्र बेदिया वगैरह का दखल-कब्जा और जोतकोड़ है। इधर अचानक से कुच्चू इरबाडीह गांव के बेंजामिन खलखो वगैरह नें यह

## पंचायत में इस फर्जीवाड़े का हुआ खुलासा एक पक्ष ने स्वीकार किया कि गलती हुई है



बताते हुए उक्त जमीन पर अपना दावा कर दिया कि सन 1971-72 में खतियानी रैयत रामलाल बेदिया का उतराधिकारी बनकर इस जमीन को हासिल किया गया है। दावे के पक्ष में बेंजामिन खलखो वगैरह नें पंजी 2 की प्रति भी प्रस्तुत किया है जिसमें उतराधिकारी म्युटेशन संख्या अंकित किया गया है। सवाल है कि खतियानी रैयत के दर्जनों वंशज फिलहाल मौजूद हैं जिसकी पुष्टि मुखिया एवं ग्रामप्रधान नें वंशावली के प्रतिवेदन में भी किया है। फिर बेंजामिन खलखो वगैरह कैसे रामलाल बेदिया के उतराधिकारी बन गए। यह भी जांच का विषय है कि खतियानी रैयत बेदिया एसटी समुदाय के हैं जबकि बेंजामिन खलखो वगैरह इसाई एसटी समुदाय से हैं। जाहिर है गरीब रैयतों की जमीन हड़पने के लिए एक उच्चस्तरीय साजिश और फर्जीवाड़ा किया गया है। रैयत के वंशजों नें मुख्यमंत्री सहित अन्य संबंधित अधिकारियों से न्याय की गुहार लगायी है। इधर मामले को लेकर विगत दिनों कुच्चू पंचायत में मुखिया सहदेव बेदिया की अध्यक्षता में दोनों पक्षों की एक बैठक हुई। बैठक में यह स्पष्ट उल्लेखित किया गया कि खाता, प्लॉट इंट्री में त्रुटि भूल हुई है। जिसे दोनों पक्ष आपसी सहमति से इसमें सुधार करवा कर विवाद को खत्म कर लेंगे। बैठक में पंसस जॉन तिग्गा, करम सिंह, बालेश्वर बेदिया, जयराम, पूर्व मुखिया एतवा बेदिया आदि मौजूद थे।

## सुकुमार हेंब्रम ने लक्ष्मी हर्बल्स का उद्घाटन किया



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बिरसा चौक के समीप लक्ष्मी आयुर्वेदिक चिकित्सा केंद्र का शुभ उद्घाटन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में लापुंग थाना प्रभारी सुकुमार हेंमरोम ने विधिवत फीता काट कर उद्घाटन किया। सुकुमार हेंमरोम ने कहा कि आज हमे आयुर्वेद को अपनाने की जरूरत है जहा आज मनुष्य ना ना प्रकार के बीमारी से ग्रस्त होते जा रहे हैं।आयुर्वेद से ही हम स्वस्थ जीवन जी सकते है। वही केंद्र के संचालक श्री सालिक बराइक ने कहा की यहां आयुवेदिक उपचार के साथ एफ एम जी उत्पाद में सभी को होलसेल मूल्य पर सभी समान उपलब्ध कराया जायेगा। विशिष्ट अतिथि डॉ तुलसी साहू ने कहा की यहां पर मेंबर बनने के बाद निशुल्क स्वस्थ जांच का लाभ उठा सकते हैं। वहीं संस्था के डॉक्टर संजय कुमार सिंह ने दर्जनों मरीज का इलाज किया। मौके पर संजय, रामकिशोर स्वांसी, धर्मा मुंडा, सफीक गोप के साथ भारी संख्या में लोग मौजूद थें।

## सन्नी टोप्पो के प्रयास से गांव में लगा ट्रांसफार्मर



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** लापुंग के पबिरा गांव में शनिवार को भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो के प्रयास से नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के लोगों ने बताया कि पिछले चार महीने से ट्रांसफार्मर खराब हो गया था जिससे विद्यर्थियों व किसानों को बहुत परेशानी हो रही थी। जिसके बाद उन्होंने सन्नी टोप्पो को इसकी जानकारी दी। वही सन्नी टोप्पो ने अपने अथक प्रयास से विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क कर गांव में नया ट्रांसफार्मर लगवाया दिया। जिसके बाद गांव में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। इधर गांव में ट्रांसफार्मर लगने के बाद ग्रामीणों ने खुश हुए वही ग्रामीणों ने सन्नी टोप्पो का धन्यवाद किया।

## महायज्ञ और नवपत्रिका प्रवेश कराया गया



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण महायज्ञ सह दुर्गा पूजा के सातवें दिन शनिवार नावपत्रिका प्रवेश कराया गया। साथ ही महासप्तमी की पूजन अर्चन के साथ ही माता के जयकारे के साथ ही देवी की प्राणप्रतिष्ठा हो गयी और इसी के साथ देवी दर्शन के लिये पंडाल का पट खोल दिया गया। अब आम लोग भी माता का दर्शन कर रहे है। मंदिर परिसर में माता का दर्शन के लिये आम लोगों का तांता लगा रहा। इसी तरह मां दुर्गा पूजा समिति पिस्का स्टेशन, हर्षनाथ शाहदेव दुर्गा पूजा समिति कटहल मोड़,श्री श्री मां दुर्गा पूजा समिति नायसराय मुड़मा और दुर्गा पूजा समिति दलादिली चौक में विधि विधान के साथ मंत्रोचार के बीच मां दुर्गा का पंडाल का पट आम लोगों के दर्शन हेतु खोल दिया गया। इधर नगड़ी के पूजा पंडाल में बाल विदुषी अनुष्का पाठक के प्रवचन को सुनने वाले की भीड़ उमड़ रही है। कटहल मोड़ स्थित हर्षनाथ शाहदेव दुर्गा पूजा पंडाल में पीयूष पाठक के द्वारा गंगा आरती किया गया जिसमें हजारों लोग शामिल हुए।

## बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है दुर्गा पूजा: सन्नी



**चान्हो/मांडर (आजाद सिपाही)।** नवरात्रि के शुभ अवसर पर युवा नेता सन्नी टोप्पो ने शनिवार को मांडर शिव मंदिर दुर्गा पूजा समिति मांडर, खुखरासेल बुढ़ा महादेव दुर्गा पूजा समिति मांडर, पतरातू दुर्गा पूजा समिति चान्हो, दुर्गा पूजा समिति करकट चान्हो, सोंस और ओपा दुर्गा पूजा पंडाल समेत अन्य पंडालों का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना की और फिर फीता काटकर उद्घाटन किया। सन्नी टोप्पो ने वहां उपस्थित आयोजकों के साथ-साथ क्षेत्र के लोगों को नवरात्रि की शुभकामना दी। मौके पर युवा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि दुर्गा पूजा बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार है। मां दुर्गा का आशीर्वाद सदैव मांडर विधानसभा वासी और झारखंड वासियों के ऊपर बना रहे यही कामना करता हूं। इन कार्यक्रमों में गंगोत्री कुजूर, आदि उपस्थित थे।

## इटकी में मां जगदंबे के दरबार का पट खुला, भगवंती के दर्शन कर भक्त निहाल



**इटकी (आजाद सिपाही)।** इटकी में मां भगवती के दरबारों का पट भक्तों के लिए खुल दिया गया है, भक्त मां दुर्गे का दर्शन कर निहाल हो गये। माता रानी के दर्शन के लिए पंडालो में भक्तों तांता लगा रहा । इसके पूर्व स्थानीय तलाब पहुंचकर नव पत्रिका का वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा अर्चना की गयी । इसके बाद मां जगदम्बा को अह्वान की गई और गाजेबाजे के साथ नव पत्रिका को खाट की बनी डोली में लेकर सार्वजनिक पूजा पंडाल पहुंचे। शत्रुधन की अगुवाई में कलश स्थापना कर मां दुर्गे की पूजा अर्चना की गयी।

## सुरेश ने पंडाल का उद्घाटन कर सुख समृद्धि की कामना की



**कांके (आजाद सिपाही)।** श्री श्री दुर्गा पूजा समिति देवी मंदिर बालू गांव पिठौरिया के पूजा पंडाल का उद्घाटन झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सुरेश कुमार बैठा, प्रदेश सचिव इंदिरा तूरी, पूजा सिंह, रांची जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष महेश कुमार मनीष, प्रदेश भाजपा एससी मोर्चा के कमलेश राम, पिठोरिया थाना प्रभारी अभय कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। और षष्ठी के अवसर पर माता कात्यायनी की पूजा की। आए हुए सभी अतिथियों ने उद्घाटन के मौके पर सभी के लिए मां भगवती से प्रार्थना किया कि सभी को माता सुख समृद्धि दे। राज्य राज्य में माता सभी सनातनियों का कल्याण करें।

## सांसद प्रतिनिधि के पिता का निधन, शोक व्याप्त



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** भाजपा अनुसूचित जाति एससी मोर्चा ग्रामीण जिला मंत्री सह सांसद प्रतिनिधि प्रशासनिक विभाग नामकुम अशोक नायक के पिता पारसनाथ नायक (85) का निधन शुक्रवार शाम नामकुम चटकपुर स्थित आवास पर हो गया। पारसनाथ कुछ दिनों से बिमार चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को कुटियातू स्थित मुक्तिधाम घाट पर कर दिया गया। अंतिम संस्कार में रांची सांसद संजय सेठ, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, सांसद प्रतिनिधि खिजरी विधानसभा प्रमोद कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, पत्रकार राजेश वर्मा, गोरखनाथ सिंह, तुलसी गोप, भाजपा नेता रितेश उरांव, राजू नायक, विजय नायक, हरीश गंझू, समीर राय, आरती, अंजली लकड़ा, प्रभुदयाल बड़ाईक के साथ सिद्रोल जोड़ा मंदिर पूजा समिति एवं सिद्रोल दुर्गा पूजा समिति के सदस्य शामिल होकर शोक व्यक्त किया।

## एएसपी और थाना प्रभारी ने किया पूजा पंडाल का उद्घाटन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** लोवाडीह चौक महावीर मंदिर स्थित नटराज युवक संघ दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल का उद्घाटन शनिवार शाम को रांची एएसपी मूमल राजपुरोहित एवं नामकुम थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने संयुक्त रुप से विधिवत फीता काटकर किया। पूजा के दौरान उन्होंने क्षेत्र में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। इससे पूर्व पूजा समिति के द्वारा दोनों ही अतिथियों को गुलदस्ता भेंट कर एवं चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया गया।

## खिजरी विधायक ने किया पूजा पंडाल का उद्घाटन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सिद्रोल जोड़ा मंदिर पूजा समिति एवं सिद्रोल पेट्रोल पंप दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल का उद्घाटन खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने फीता काटकर व दीप प्रज्जवलित कर शनिवार को किया। तत्पश्चात उन्होंने माता रानी का आशीर्वाद लिया और उपस्थित लोगों को दुगार्पूजा की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि हिंदू धर्मग्रंथों के अनुसार यह त्योहार आकार बदलने वाले असुर, महिषासुर के खिलाफ लड़ाई में देवी दुर्गा की जीत का प्रतीक है। पंडाल का निर्माण सुरुती टेंट हाउस टांगर टोली के द्वारा कराया गया है।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## बेड़ो में जैव संसाधन केंद्र का हुआ उद्घाटन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चरिमा गांव में शुक्रवार को प्रखंड को रसायन मुक्त बनाने तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए गांव में टीआरआईएफ के सहयोग जैव संसाधन केंद्र का विधिवत पूजा अर्चना कर उद्घाटन पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा ने किया। मौके पर बुधराम बाड़ा ने कहा किसानो को जैवीक खेती की ओर ले जाना है। यहा पर बनने वाला दवा या खाद हमारे बिच उपस्थिति सामानो से बनाया जाता है। जिसमें गाय का गोबर गोमूत्र सहजन पता सिंदवार पता महुआ केला गुड़ सोयाबीन इस तरह के बहुत सरे समग्री को मिला कर दवा तैयार किया जाता है। इस दवा दुकान को खोलने का मुख्य उदेश्या किसन कैसे कम से कम जहरीले दवाओं का इस्तेमल अपने खेत और सब्जियों मे न करे। उन्होंने कहा जैविक दवा का इस्तेमाल से उद्पादित फल एवं सब्जियों को खाने से लोगो मे हो रही तरह तरह के बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है। वही केंद्र के संचालिका सुमित्रा कुजूर कुजूर ने प्राकृतिक खेती के महत्व को बताते हुए अपने द्वारा बनाए गए कई प्रकार के खाद एवं दवाइयां की उपयोगिता को विस्तार से बताया साथी अपने द्वारा प्राकृतिक तरीके से किया जा रहे हैं नर्सरी खेती और मचान पर हो रहे हैं लता सब्जी को दिखाया और अपना अनुभव साझा किया।

## भक्तिमय वातावरण में हुई महासप्तमी की पूजा



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** महादानी मंदिर परिसर में श्री श्री दुर्गा पूजा महासमिति के तत्वाधान में शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा पूजनोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। जहां शुक्रवार को महासप्तमी को मां के सातवें स्वरूप कालरात्रि की पूजा-अर्चना विधि विधान व वैदिक मंत्रोचारण के साथ की गई। पूजा के दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में उपस्थित होकर माता की अराधना किए। पूजा को लेकर प्रखंड मुख्यालय सहित आस पास के गांव के लोग सुबह से ही पहुंचने लगे। इधर प्रखंड के खत्री खटंगा, पाकलमेड़ी, मुरतो, तुको, दिघिया, घाघरा, ईंटाचिन्द्री गांव में भी शारदीय नवरात्र में दुर्गा पूजा का आयोजन धूमधाम के साथ किया जा रहा है। यहां श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए सप्तमी की शाम को मां के पट खोल दिया गया।

## 29 को कार्तिक उरांव की जयंती पर बेड़ो में होगा जतरा का आयोजन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान के रंगमंच में शनिवार को जनजाति सुरक्षा मंच की बैठक विशु उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी 29 अक्टूबर को महान जनजातीय नेता कार्तिक उरांव की जयंती के कार्यक्रम को भव्य पूर्वक मनाने व जतरा को लेकर चर्चा की गई। मौके पर जिला अध्यक्ष जगरनाथ भगत ने कहा देश के महान राजनेता शिक्षाविद की जयंती पूरे झारखंड में मनाई जाती है। जिसके तहत बेड़ो में भी इस वर्ष से झारखंड एवं देश के महान विभूति स्वर्गीय कार्तिक उरांव की जयंती मनाई जाएगी। साथ ही पारंपरिक खोड़ा दलों के साथ जतरा का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने जनजातीय समाज के लोगों से इस जयंती समारोह सह जतरा को सफल बनाने का आह्वान किया।

## हिंदिया टोप्पो ने माथा टेक कर लिया आशीर्वाद



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** का पूजा पंडाल महासप्तमी की पूजा के बाद पूजा पंडाल का पट खुल गया। जीप सदस्य हिंदिया टोप्पो ने पट खुलते ही श्री श्री दुर्गा पूजा समिति लापुंग में माथा टेक कर क्षेत्र की खुशहाली के लिए आशीर्वाद लिया। उसके उपरांत दानेकेरा, दोलैचा , डिम्बा व ककरिया में माता दुर्गा के चरणों मे माथा टेककर आशीर्वाद लिया। आज लापुंग में नगाड़े ढोल के साथ पत्रिका पूजा के उपरांत मा कात्यानी की पूजा कर महासप्तमी की विधिपूर्वक पूजा कर लोगों को माता का दर्शन के लिए पट खुला।

# मां दुर्गा के पट खुलते ही श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

आजाद सिपाही संवाददता







**अनगड़ा।** प्रखण्ड में दुर्गा पूजा को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। शनिवार को शारदीय नवरात्रि के सप्तमी के दिन भक्तगण मां दुर्गा के कालरात्रि स्वरूप की पूजा कर रहे हैं। सप्तमी पूजा के साथ हीं प्रखण्ड के अलग-अलग इलाकों में मां दुर्गा का पट खोल दिया गया। पट खुलते हुए दर्शन के लिए पूजा पंडालों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। दुर्गा पूजा समिति गोंदलीपोखर के पूजा पंडाल का उदघाटन पूर्व डिप्टी सीएम व आजसू सुप्रीमों सुदेश कुमार महतो ने किया। मौके पर समिति के अध्यक्ष रामकृष्ण चैधरी, पंसस अनुराधा मुण्डा, पारसनाथ उरांव, विरेन्द्र सिंह भोगता, नीलकंठ चैधरी, मनोज चैधरी, विक्की सोनी, ज्योतिष महतो आदि मौजूद थे। दुर्गा पूजा समिति अनगड़ा चैक के पूजा पंडाल का उदघाटन विधायक राजेश कच्छप ने किया। मौके पर जगेश्वर महतो, मनोज भटाचार्य, संजीव सिंह, लोकनाथ पाहन, मधुसूदन मुण्डा, दिनेश्वर महतो, राजेश यादव, अघनु महतो आदि उपस्थित थे। दुर्गा पूजा समिति गेतलसूद के पूजा पंडाल का उदघाटन समिति के अध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार, प्रमुख दीपा उरांव एवं मुखिया शांति मुण्डा नें किया। साल्हन में मुखिया सरिता तिर्की एवं भाजपा नेता जैलेन्द्र कुमार ने पूजा पंडाल का उदघाटन किया। सिमलिया में राज्यसभा सांसद



आदित्य प्रसाद साहू ने पूजा पंडाल का उदघाटन किया। वहीं जोन्हा में सुदेश महतो ने पूजा पंडाल का उदघाटन किया। श्री श्री दुर्गा पूजा समिति मिलन चैक के पूजा पंडाल का उदघाटन रामटहल ने किया।



## युवा बाल संघ ने दुर्गापूजा को लेकर निकाली भव्य कलश शोभायात्रा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के युवा बाल संघ स्टेशन रोड कमेटी की ओर से आयोजित दुर्गापूजा को लेकर शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कन्याओं व महिलाओं ने माथे पर कलश रखकर पूजा स्थल से शहर के मुख्य मार्ग का भ्रमण किया। इसके बाद श्रद्धालुओं का जत्था देवरी स्थित सोननदी पहुंचा। जहां पंडित आंनद पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलभरी कराया और पुनः कलश यात्रा पूजा स्थल पर पहूंचा। कलश यात्रा में आरपीएफ इंस्पेक्टर राकेश रंजन, भाजपा नेता रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह, प्रकाश अग्रवाल, आयोजन समिति के अध्यक्ष रामलाल साव, सचिव रवि कुमार यादव, संरक्षक राजेश्वर सिंह, प्रमोद मेहता, मुख्य यजमान शंकर प्रसाद गुप्ता, समाजसेवी पवन चौधरी, राजेश्वर अरुण गुप्ता, सैनिक कुमार, सुभाष कुमार गुप्ता, सुजीत मेहता, रामलाल साव, चंदन बैठा, भृगु साव, रिशू गुप्ता, विकास कुमार, रितिक कुमार, राजा, जिशु कुमार व छोटू शर्मा आदि मौजूद थे।

## महावीर चौक में भंडारे का आयोजन

**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** महावीर चौक में महासप्तमी को मॉर्निंग ग्रुप की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। महा प्रसाद के रूप में खिचड़ी का वितरण किया गया। प्रसाद वितरण में जुटे युवाओं ने कहा कि इस प्रकार का सामाजिक और धार्मिक कार्य करने में उन्हें सुकुन मिलता है। वहीं, पूजा समिति के लोगों ने बताया कि अष्टमी और नवमी को भी भंडारे का आयोजन किया गया है। मौके पर राहुल प्रसाद दीवाना, सुरेंद्र प्रसाद, कुंदन जायसवाल, पवन कुमार, सुजीत कुमार, सतीश कुमार, जय किशोर प्रसाद, सोनू कुमार, मनोज कुमार, गौरव जयसवाल आदि थे।















**श्रद्धा :** हरिहरगंज का दौरा कर विधायक कमलेश सिंह ने कई जगहों पर खोला माता का दरबार

# खुले मां दुर्गा के पट, दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

**मां दुर्गा के जयकारों से गूंज उठा हरिहरगंज, मंदिर-प्रतिमा के पट खुले, दर्शन को उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/सतबरवा (पलामू)।** हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र में पूजा पंडालों में शनिवार को मां दुर्गा की प्रतिमा के पट खुलते ही मां के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। श्रद्धालु दुर्गापूजा के उमंग-उल्लास में डूब गए। श्रद्धालुओं ने शनिवार को महा सप्तमी पर मां दुर्गा की पूजा की। इसी बीच विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हरिहरगंज प्रखण्ड का दौरा कर अपने समर्थकों के साथ पूजा पंडालों का भ्रमण किए और मां दुर्गा की आराधना कर उनसे आशीर्वाद मांगा। विधायक ने हरिहरगंज मेन बाजार दुर्गा मंदिर, रामपुर, राक्शेल तेंदुआ, कटैया, सुलतानी और बलरा आदि जगहों पर भ्रमण कर वहां स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का अनावरण कर पूजा की। इसी क्रम में जगत जननी मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित सुलतानी पीएनबी परिसर में नवयुवक समिति की ओर से विधायक एवं उनके कार्यकर्ताओं को माता की चुनरी व अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। विधायक ने कहा कि दशहरा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इसे शांति एवं सौहार्द के साथ मनाएं। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजित सिंह, प्रखंड अध्यक्ष मनीष सिंह, शरोज कुशवाहा, अखिलेश मेहता, अजय सिंह, उदय मेहता, डॉ प्रमोद कुमार, प्रसाद भुइंया, नवयुवक समिति सुलतानी के निर्देशक फुटुक कुमार सिंह, अध्यक्ष विकास कुमार सिंह, सचिव सिंकु सिंह, कोषाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, निरंजन सिंह, अंकुर सिंह, विंदेश्वरी शर्मा और विपुल सिंह आदि उपस्थित थे।



सुलतानी में प्रतिमा के अनावरण में शामिल विधायक कमलेश कुमार सिंह व अन्य।

### विश्रामपुर नप व आंचलिक क्षेत्र के पूजा पंडालों के खुले पट, दर्शन को उमड़ी भीड़

**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद व आंचलिक क्षेत्र में आयोजित सभी दुर्गा पूजा पंडालों का पट शनिवार को खुल गया। मां के दरबार का पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ भी मां के दर्शन के लिए पंडालों में उमड़ने लगी। विश्रामपुर के गढ़ मुहल्ला सार्वजनिक दुर्गा मंडप, बाजार मुहल्ला नव युवक संघ पंडाल, आदर्श कला केंद्र पंडाल, बी मोड़ शेरावाली कलब, डंडिला खुर्द नव युवक संघ, रेहला ब्यापार संघ, जय मां भवानी संघ, ग्रासिम क्लब पूजा पंडाल, गढ़वा रोड रेल परिवार दुर्गा-काली पंडाल, नावाडीह कला नव युवक संघ जय मां दुर्गा पंडाल, पांडेपुर, कविलासी, बरसईता, ठाकुर मुहल्ला, झगरुआ, गुरहाकला, सिगसिगी, बेलवादामर, बघमनवा, बरवाही, चोरटिया, केतात, भंडार, गुरि, पंजरी कला, तोलरा, लालगढ़ आदि सभी पूजा पंडालों का पट श्रद्धालुओं के लिये खोल दिया गया। सार्वजनिक दुर्गा मंडप व आदर्श कला केंद्र सहित कई पूजा पंडाल का उद्घाटन स्थानीय विधायक पुत्र सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, थाना प्रभारी शशि रंजन, आदि ने संयुक्त रूप से किया।

दूसरी ओर महासप्तमी पर शनिवार को मां दुर्गा का पट खुलते ही सतबरवा में उनके दर्शन के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। वही, पट खुलने के बाद पंडित जी ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ विधिवत पूजा कराई। इसके बाद पहला बली और प्रथम आरती की गई। अब विजयादशमी तक सभी भक्त मां का दर्शन कर सकते हैं। सतबरवा में महावीर चौक, काली मंदिर मेलाटांड़, ठाकुर बाड़ी मंदिर एवं रामघाट सूर्य मंदिर परिसर में मां का दरबार सजा है। प्रखंड मुख्यालय समेत देवी मंडप, बदलाया देवी मंडप, दुलसुलमा, मुरमा, ब्रह्मस्थान, बकोरिया, पोंची, बारी, धावाडीह, रेवारातु और बोहिता में भी धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाया जा रहा है।

## तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल



आजाद सिपाही संवाददाता

**सतबरवा/पलामू।** रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-39 पर शनिवार को तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक की मौत हो गई ाँ, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार पहली घटना दुबियाखांड़ में घटित हुई। जहां एक ट्रक दुबियाखांड़ मंदिर के सामने स्थित यात्री सेड को तोड़ते हुए एक गुमटी में घुस गया, जिससे गुमटी चला रहे पोलपोल निवासी विनोद लाल (50) गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला परिषद प्रतिनिधि अर्जुन सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर वे लोग वहां पहुंचे और जेसीबी बुलाकर बड़ी मशक्कत के बाद यात्री सेट का मालवा हटाकर गुमटी से विनोद लाल को निकाल कर अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे अमृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना, सतबरवा पुराना थाना के पास हुई। हिना परवीन (8) सड़क पाकर रही थी, तभी बाइक ने टक्कर मार दी, जिसे वह घायल हो गई। उसे तुंबा गाना नवजीवन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि तीसरा घटना सतबरवा बिहारी बाबू के घर पास राष्ट्रीय राजमार्ग-39 पर घटित हुई। दुलसुलमा निवासी रविंद्र कुमार सिंह (16) पेट्रोल पंप से पेट्रोल लेकर बाइक से जा रहा था। बाइक पर तीन और लोग सवार थे। सभी सतबरवा की ओर जा रहे थे, तभी बिहारी बाबू के घर पास एक बाइक से साइड लेने के क्रम में मेदिनीनगर की ओर से आ रही कर में जा टकराये। इस हादसे में रविंद्र कुमार सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से उसे नवजीवन अस्पताल तुम आगरा में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए मेदनीनगर अस्पताल रेफर कर दिया। इधर पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों गाड़ियों को कब्जे में ले लिया है।

### झाड़ी से बरामद मजदूर के शव की हुई पहचान

**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** सतबरवा पुलिस ने शनिवार की शाम रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग के राष्ट्रीय राजमार्ग-39 अंतर्गत तुम्बागड़ा मलय डैम मोड़ के बगल में झाड़ी से बरामद मजदूर के शव की पहचान कर ली है। उसके पास से बरामद पहचान पत्र के जरिए पता चला है कि उसका नाम कालिया भूईयां (38) है। घटनास्थल से पुलिस को एक साइकिल भी मिली है। पहचान पत्र के अनुसार मृतक स्वर्णिम कंस्ट्रक्शन में काम करता था। वह मनिका थाना के कुमंडी गांव का रहने वाला था। शनिवार की सुबह सतबरवा थाना पहुंचे परिजन और ग्रामीणों ने बताया कि कालिया भूईयां बुधवार को 10 बजे अपने ससुराल नीलांबर पितांबरपुर थाना क्षेत्र के सोहड़ी गांव जाने के लिए घर से निकला था। उसके बाद घर नहीं लौटा। इस बीच शुक्रवार को पुलिस ने तुम्बागड़ा मलय डैम मोड़ से शव बरामद किया। जिसकी खबर उन्हें मोबाइल पर सोशल मीडिया के माध्यम से मिली। मृतक अपने पीछे एक लड़का एक लड़की और पत्नी छोड़ गया है। इधर सतबरवा पुलिस ने बताया कि मृतक की कनपटी पर हल्की चोट के निशान है। प्राथमिक पड़ताल से लग रहा है कि गिरने से चोट लगी होगी, जिससे उसकी मौत हो गयी होगी। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। शव का अंतयपरीक्षण कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

## पांकी विधायक ने किया अटल स्मृति भवन का शिलान्यास



**नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पुराने ब्लॉक परिसर में शनिवार को अटल स्मृति भवन का शिलान्यास पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने किया। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। आरोप लगाया कि पिछले 15 वर्षों में पांकी विधानसभा क्षेत्र में विकास के नाम पर कोई काम ही नहीं हुआ था। केवल योजनाओं में लूट खसोट की गई। उन्होंने कहा की भव्य अटल स्मृति हॉल का निर्माण कराया जा रहा है। ताकि किसी भी आयोजन के लिए स्थानीय को लोगों को किसी भी आयोजन, शादी, विवाह या अन्य भी किसी तरह का मीटिंग या बैठक करने में सुविधा होगी। कहा कि प्रखंड में 15 फीट का अटल बिहारी वाजपेई डी की प्रतिमा भी लगाऊंगा। मौके पर कमेश यादव, बजरंगी प्रसाद सोनी, छोटेलाल सोनी और संजय सोनी आदि थे।

## प्रसाद कक्ष के बाहर हड्डी रखने पर हंगामा

**रेहला पुलिस आरोपियों को भीड़ से बचाकर थाने ले गयी, वहां भी लोगों की जुटी भीड़**

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला थाना क्षेत्र के गुरहा कला ग्राम पंचायत में शनिवार को महासप्तमी के दिन मांस खाकर कुछ लोगों ने हड्डी प्रसाद कक्ष के बाहर रख दिया। इससे नाराज पूजा कमेटी और ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया। देखते-देखते लोगों की भीड़ जमा होने लगी। तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना मिलते ही रेहला पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आरोपियों को ग्रामीणों से बचाकर थाना ले आई। आक्रोशित ग्रामीण थाना के समक्ष भी जमा हो गए और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करने लगे। जानकारी के अनुसार हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरहा कला गांव में नदी किनारे दुर्गा पूजा पंडाल बना है। जहां मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूरे नवरात्र पूजा अर्चना होता है। बगल में स्थित पंचायत भवन के एक कमरे में पूजा सामग्री और प्रसाद रखा हुआ था। शनिवार की दोपहर कमेटी के लोग पूजा सामग्री और प्रसाद लेने जब पंचायत भवन गए तो प्रसाद कक्ष के बाहर जूठा पत्तल रखा हुआ मिला, जिसमें मांस और हड्डी का टुकड़ा भी पड़ा हुआ था। यह देखते ही पूजा कमेटी के लोग भड़क गए और हंगामा शुरू कर दिया। देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। आक्रोशित ग्रामीण पंचायत भवन में मौजूद लोगों पर आरोप लगाते हुए उनसे धक्का मुक्की करने लगे। सूचना मिलते ही रेहला पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने आरोपियों को आक्रोशित ग्रामीणों से बचाकर थाना ले आई। इधर ग्रामीण भी थाना के समक्ष जमा हो गए। ग्रामीण आरोपियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।








VERMA PRESS ® वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !









आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 22 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in



**आस्था का सैलाब : धनबाद कोयलांचल में खुले दुर्गापूजा पंडाल और प्रतिमा के पट**

# महासप्तमी पर मां दुर्गा के दर्शन को उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**पालकी में सवार होकर मंडप पहुंची कोला बोउ, नवपत्रिका की पूजा कर मां दुर्गा की उपासना कर रहे श्रद्धालु**

आजाद सिपाही टीम

**धनबाद।** कोयलांचल में दुर्गापूजा का उत्साह लोगों के सिर चढ़ कर बोलने लगा है। शनिवार को महासप्तमी पर मां दुर्गा के दर्शन और पूजा पंडालों को देखने के लिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों की भारी भीड़ पंडालों में उपड़ पड़ी। ऐसे में सुरक्षा और सड़क जाम से लोगों को निजात दिलाने के लिए प्रशासन भी कमर कसकर मैदान में कूद चुका है। ट्रैफिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव भी किया गया है। शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। वहीं सभी पूजा-पंडालों से पहले ड्रॉप गेट भी बनाया गया है। कई जगहों पर वन-वे भी कर दिया गया है। इस बीच शानिवार को महासप्तमी की सुबह कोला बोउ यानी नवपत्रिका की परंपरा को लेकर बंग समुदाय में खासा उत्साह दिखा। पालकी लेकर तालाब किनारे गए और वहां कोला बोउ को स्नान कराया। नव पत्रिका पूजन के लिए सभी नौ पौधों को एक साथ बांध कर स्नान कराया गया। लाल पाट की साड़ी पहनाई गई। इससे कोला बोउ को नई नवेली दुल्हन की तरह सजा कर ढाक, घंटी और शंख ध्वनि के साथ विधि विधान से पालकी में बिठाकर दुर्गा मंडप लाया गया। मंडप में भगवान गणेश के दाहिनी ओर उन्हें स्थापित किया गया। हालांकि यह परंपरा सिर्फ उन जगहों पर निभाई गई जहां बांग्ला रीति रिवाज से दुर्गोत्सव का आयोजन हुआ है। कोला बोउ यानी नौ तरह के पौधों से मिल कर बनाए गए गुच्छे की पूजा कर मां दुर्गा का आव्हान किया गया। इन नौ पत्तों को दुर्गा के नौ स्वरूपों का प्रतीक माना जाता है। नवपत्रिका तैयार करने में केला, कच्ची हल्दी, जौ, बेल पत्र, अनार, अशोक और धान के पौधे का इस्तेमाल किया जाता है। हर एक पौधे को मां दुर्गा के अलग-अलग नौ स्वरूपों का प्रतीक माना जाता है।


झरिया इंदिरा चौक में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा।

दूसरी ओर, षष्ठी पर शुक्रवार की रात से ही पूजा पंडालों का पदिर्शन शुरू हो गया था। शारदीय नवरात्र के सप्तमी के साथ ही पूरा कोयलांचल मां अंबे के जयजयकार से गुंजामय हो गया। शुक्रवार की शाम से ही पूजा पंडाल और मेलों का उद्घाटन जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किये जाने का सिलसिला शनिवार को भी जारी रहा। धनबाद डीसी, एसएसपी संजीव कुमार, सांसद पशुपतिनाथ सिंह, धनबाद विधायक राज सिन्हा, निरसा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता, झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो, भाजपा नेत्री रागिनी सिंह सहित कई नेता व समाजसेवी अपने अपने क्षेत्र में पूजा पंडाल व मेलों का उद्घाटन करते रहे।

## कैमरे की नजर में धनबाद के विभिन्न जगहों की पूजा परिक्रमा


झरिया के चौथाई कुल्हि तिवारी मंदिर में बना पूजा पंडाल।

## ढोल-ढाक की धुन व धार्मिक गीतों से भक्तिमय हुआ माहौल

फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। बेरमो के सभी क्षेत्रों में दुर्गापूजा पंडालों के पट खुल गये है। मां के दरबार में श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया है। इससे पहले शनिवार को नवपत्रिका प्रवेश और स्थापना सप्तमी पूजा हुई। पुष्पांजलि और आरती में भी श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। इस दिन नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि का ध्यान किया गया। ढोल-ढाक व धार्मिक गीतों से माहौल भक्तिमय हो गया है। करगली गेट स्थित दुर्गा मंडप, ढोरी स्टाफ क्वार्टर, करगली बाजार आदि के पूजा पंडाल सहित विभिन्न जगहों से सुबह में पालकी के साथ जल यात्रा निकली। तालाब, पोखर व नदी में कोलाबाउ व बेलबरण पूजा की गयी। मां को आह्वान कर पालकी में लाया गया। सुभाषनगर, जवाहरनगर, करगली तीन नंबर, फुसरो बैंक मोड़, फुसरी स्टेशन, बेरमो सीम, रामनगर, चलकरी बस्ती, पिछरी, सेंट्रल कॉलोनी मकोली सहित कई पूजा पंडालों में महासप्तमी की पूजा की गयी।


झरिया चौथाई कुल्हि तिवारी मंदिर में स्थापित मां दुर्गे की प्रतिमा


झरिया के पुराना राजागढ़ में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा




निरसा में पूजा पंडाल का उद्घाटन करते सांसद पीएन सिंह, विधायक अपर्णा सेनगुप्ता।


चांदकुइयां पंचायत के गोलमरा में कार्यकर्ताओं-समर्थकों के साथ पूजा पंडाल का उद्घाटन करती झरिया की विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह।

# धनबाद में लागू हुई नयी ट्रैफिक व्यवस्था

## दोपहर एक बजे से शाम पांच बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** पूजा-पंडालों के पट खुलते ही सड़कों पर श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गई है। सप्तमी से पूजा-पंडालों में लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इसे देखते हुए धनबाद में शनिवार से ट्रैफिक की नई व्यवस्था भी लागू कर दी गयी है। शहर में दोपहर एक बजे से सुबह पांच बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश वर्जित कर दिया गया है। दुगार्पूजा पंडालों के आस-पास वाहनों का आवागमन नहीं होगा। सभी प्रमुख पूजा-पंडालों के पहले ड्रॉप गेट बनाया गया है। गाड़ियां वहीं तक जाएंगी। भीड़ को देखते हुए कई सड़कों को वन-वे कर दिया गया है। नई व्यवस्था के तहत सरायढेला थाना मोड़ से स्टीलगेट की ओर चार पहिया वाहन और सार्वजनिक सवारी वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।

### इस रास्ते पर गाड़ियों का आवागमन बंद

तेल डिपो होकर बरमसिया रोड जा सकते हैं। टेलीफोन एक्सचेंज मोड़ से पानी टंकी हावड़ा मोटर तक नो एंट्री रहेगी। इसके अलावा आरा मोड़ पुल के नीचे झारखंड मोड़ जाने वाले रास्ते में दोपहर तीन बजे से सुबह पांच बजे तक गाड़ियों का आवागमन बंद रहेगा। वहीं, धनबाद से भूली जाने वाली गाड़ियां सुभाष चौक होते हुए ओवरब्रिज के नीचे से वासेपुर होते हुए जाएंगी। कतरास, भटमुड़ना से आने वाले वाहन सामुदायिक भवन होते हुए गुहीबांध बस स्टैंड भगत सिंह चौक की तरफ से धनबाद की ओर आएंगे। भगत सिंह चौक से आनेवाले वाहन गुहीबांध बस स्टैंड, सामुदायिक भवन मालकेरा जोगता होते हुए धनबाद जाएंगे। धनबाद की ओर से आनेवाले वाहन जोगता, मलकेरा छाताबाद होते हुए भटमुड़ना मोड़ की ओर जाएंगे।

### इन जगहों पर बदली रहेगी ट्रैफिक

गोल बिल्डिंग की तरफ से आने वाले वाहनों को कोला कुसमा मोड़ पर रोका जाएगा। झारखंड मैदान पूजा-पंडाल जाने के लिए हटिया मोड़, डीआरएम चौक होते हुए पंपू तालाब के रास्ते का प्रयोग करना होगा। धनबाद ब्लॉक, हीरापुर से भी वापसी का रास्ता रहेगा। वाच एंड वार्ड चौक से झारखंड मैदान पूजा-पंडाल की ओर नो एंट्री रहेगी। झरिया, मटकुरिया की ओर से आने वाले वाहन धनसार चौक, हावड़ा मोटर्स होते हुए मनईटांड पूजा-पंडाल और पुराना बाजार पूजा-पंडाल जाएंगे।


धनबाद के तेतुलतल्ला मैदान में स्थापित दुर्गापूजा पंडाल का उद्घाटन करतीं पूर्व विधायक कुंती सिंह और भाजपा नेत्री रागिनी सिंह।




धनबाद में कोला बऊ शोभा यात्रा में नृत्य करती बंगाली कल्याण समिति की महिलाएं।


झरिया राजा तालाब में कोला बऊ को स्नान कराने के दौरान मौजूद श्रद्धालु।

# 37वें राष्ट्रीय खेल के लिए एमजीएम स्कूल के दो खिलाड़ी चयनित

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** गोवा में 26 अक्टूबर से 8 नवंबर तक आयोजित होने वाले 37वें राष्ट्रीय खेल के लिए बोकारो एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल के दो खिलाड़ियों का चयन लगोरी भारतीय खेल में हुआ है। बतातें चलें कि लगोरी भारतीय संस्कृति और भारत का अपना खेल है। केंद्र भारत सरकार से मान्यता दी गई है और इसे 37वें राष्ट्रीय खेल गोवा के लिए शामिल किया गया है। खेल शिक्षक राजीव कुमार सिंह ने बताया कि खिलाड़ियों का चयन झारखंड लगोरी संघ की ओर से बेहतर प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। खिलाड़ियों में तृप्ति झा एवं स्नेहा कुमारी एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल की नौवीं की छात्रा है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा भारतीय संस्कृति से जुड़ी खेलों को सारी सुविधाएं देकर उसे विश्व पटल पर लाने की जो कोशिश है यह सराहनीय है। इससे भारतीय संस्कृति और भारतीय खेल को दुनिया के सामने लाने का सुनहरा अवसर प्राप्त हो रहा है। वही, प्राचार्य रेजी सी वर्गिस ने खिलाड़ियों को उनके चयन के लिए शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्य ने कहा कि एमजीएम स्कूल के बच्चे पढ़ाई-लिखाई के साथ ही खेलों में अपना नाम भारत के राष्ट्रीय पटल पर दर्ज करने को तैयार हैं। एमजीएम स्कूल की उप प्राचार्य रेखा बनर्जी एवं हेड मिस्ट्रेस एनसी वर्गिस सहित स्कूल के वरिष्ठ खेल शिक्षकों में ओम प्रकाश तिवारी राजेश्वर सिंह, मीनाक्षी कुमारी, रानी मिश्रा, हेमंत कुमार आदि ने भी बच्चों को शुभकामनायें दी।





## न्यूज रील्स

### गगनयान के क्रू एस्केप सिस्टम की टेस्टिंग सफल

श्रीहरिकोटा। इसरो ने शनिवार को गगनयान मिशन के क्रू एस्केप सिस्टम की सफलतापूर्वक टेस्टिंग की। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से सुबह 10 बजे इसे लांच किया गया था। इसे टेस्ट व्हीकल अबॉर्ट मिशन-1 नाम दिया गया। ये मिशन 8.8 मिनट का था।

### टिकट पर कलह, कांग्रेस दफ्तर में तोड़फोड़

भोपाल/शुजालपुर। मध्यप्रदेश कांग्रेस में टिकट बंटवारे के बाद कई सीटों पर प्रत्याशियों का विरोध हो रहा है। नाराज कार्यकर्ता भोपाल पहुंचकर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रदर्शन किया। शनिवार को शाजापुर जिले के शुजालपुर, निवाड़ी, दतिया जिले की सेवढ़ा और मंदसौर की मल्हारगढ़ सीट के उम्मीदवार के खिलाफ असंतुष्ट कार्यकताओं ने पीसीसी दफ्तर के सामने नारेबाजी की।

# एनटीपीसी ने सीएसआर के तहत झारखंड ट्रैफिक पुलिस को 50 बॉडी वॉर्न कैमरे दिये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय और एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) ने शनिवार को पुलिस नियंत्रण कक्ष रांची में अपनी सीएसआर पहल के तहत झारखंड पुलिस, रांची को 50 बॉडी बॉडी-वॉर्न कैमरे प्रदान किये हैं। इस अवसर पर अनिमेष जैन, सीजीएम (प्रभारी), एनटीपीसी सीएमएचक्यू और सीइओ, एनएमएल ने कुमार गौरव, पुलिस अधीक्षक (आइपीएस), यातायात पुलिस, रांची को श्रीनिवास के मूर्ति, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) की गरिमामय उपस्थिति में बॉडी-वॉर्न कैमरा सौंपा।




एनटीपीसी से बॉडी-वॉर्न कैमरे प्राप्त करने के बाद, एसपी (यातायात पुलिस) श्री कुमार ने उन्हें इस अवसर पर उपस्थित यातायात कर्मियों को सौंप दिया, कैमरा उपलब्ध कराने में एनटीपीसी के प्रयासों की सराहना किया और कहा कि बेहतर पारदर्शिता के लिए प्रौद्योगिकी के हस्तक्षेप, यातायात प्रबंधन को बेहतर ढंग से नियमित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यातायात कर्मियों द्वारा बॉडी कैमरों के उपयोग से सार्वजनिक बातचीत और शिकायतों को साक्ष्य के रूप में रिकॉर्ड करने में मदद मिलेगी, जो विवादों को सुलझाने में मदद कर सकती है।

एनटीपीसी सीएमएचक्यू के सीजीएम (प्रभारी) श्री जैन ने कहा कि एनटीपीसी की झारखंड राज्य में कोयला खनन परियोजनाएं हैं और उन्होंने समाज के कल्याण के लिए अपनी विभिन्न सीएसआर पहलों के तहत एनटीपीसी और एनएमएल से समर्थन दोहराया।

# पुणे-दिल्ली अकासा फ्लाइट में बम की सूचना, मुंबई में इमरजेंसी लैंडिंग अफवाह उड़ानेवाला अस्पताल में भर्ती

**मुंबई (आजाद सिपाही)।** पुणे से दिल्ली जा रही अकासा फ्लाइट की शुक्रवार रात मुंबई में इमरजेंसी लैंडिंग करायी गयी। दरअसल टेकऑफ के बाद फ्लाइट में बम की सूचना मिली थी। इसके बाद विमान को मुंबई की ओर मोड़ दिया गया। इस दौरान विमान करीब 40 मिनट तक हवा में रहा। रात 12:42 बजे फ्लाइट छत्रपति शिवाजी महाराज एयरपोर्ट पर लैंड हुई और सभी पैसेंजर्स को सुरक्षित निकाल लिया गया। फ्लाइट में 6 क्रू मेंबर्स सहित 185 यात्री सवार थे। फ्लाइट के मुंबई एयरपोर्ट पर उतरने के बाद 2.30 बजे सीआइएसएफ के एक अधिकारी ने मुंबई पुलिस कंट्रोल को इसकी सूचना दी। इसके बाद बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजेबल स्क्वाड टीम ने फ्लाइट के यात्री के सामान की तलाशी ली। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि जांच में पुलिस को कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। जिस यात्री ने दावा किया था कि उसके बैग में बम था, उसे फ्लाइट लैंड होने के बाद सीने में दर्द की शिकायत होने पर अस्पताल ले जाया गया। फ्लाइट में यात्री के साथ आये एक रिश्तेदार ने पुलिस को बताया कि सीने में दर्द के कारण उसने दवा ली थी। अकासा एयरलाइंस ने एक बयान में घटना की पुष्टि की।






# रक्षा मंत्री ने 'भारतीय सैन्य विरासत महोत्सव' का उद्घाटन किया

राजनाथ सिंह ने सैन्य क्षेत्र में प्राचीन रणनीतिक कौशल दिखाने के लिए लॉन्च किया प्रोजेक्ट उद्भव

महोत्सव में सैन्य बैंड प्रदर्शन के माध्यम से किया जायेगा देश की सैन्य संस्कृति का भव्य प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को नयी दिल्ली के मानेकशा सेंटर में पहले भारतीय सैन्य विरासत महोत्सव का उद्घाटन किया। उन्होंने सैन्य क्षेत्र में प्राचीन रणनीतिक कौशल के माध्यम से स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए प्रोजेक्ट उद्भव लॉन्च किया। इस मौके पर लगायी गयी सैन्य प्रदर्शनी का भी रक्षा मंत्री ने निरीक्षण किया। राजनाथ सिंह का कहना है कि यह कार्यक्रम देश के युवाओं को प्रेरित करेगा। रक्षा मंत्री ने पहले सैन्य विरासत महोत्सव का उद्घाटन करने के बाद कहा कि इस महोत्सव का उद्देश्य बातचीत, कला, नृत्य के माध्यम से सदियों से विकसित भारत की समृद्ध सैन्य संस्कृति और विरासत का जश्न मनाना है। कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री ने देश के प्राचीन रणनीतिक कौशल की खोज और समकालीन सैन्य क्षेत्र में एकीकरण के माध्यम से स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए भारतीय सेना और यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया के संयुक्त सहयोग से प्रोजेक्ट उद्भव भी लॉन्च किया।

इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि पिछले कुछ दशकों में देश की सुरक्षा के लिए सशस्त्र बलों की बेजोड़ बहादुरी और भूमिका रही है, जिसका इस 'भारतीय सैन्य विरासत महोत्सव' में प्रदर्शन देश के युवाओं को प्रेरित करेगा। इस मौके पर थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी, इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ के अध्यक्ष, चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल जेपी मैथ्यू और नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख वाइस एडमिरल संजय जसजीत सिंह मौजूद थे।















# शक्ति पंप्स को महाराष्ट्र में मिला लेटर ऑफ इंपैनलमेंट

आजाद सिपाही संवाददाता

**पीथमपुर।** सोलर पंपिंग समाधानों में अग्रणी शक्ति पंप्स इंडिया लिमिटेड को महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड से 50,000 ऑफ ग्रिड सोलर फोटोवोल्टिक वाटर पंपिंग सिस्टम के लिए लेटर ऑफ इंपैनलमेंट प्राप्त हुआ, जो संपूर्ण महाराष्ट्र राज्य में पीएम - कुसुम स्कीम फेस-3 के कंपोनेंट-बी के लिए है। इन 50,000 पंप्स की अनुमानित कीमत 1,603 करोड़ रुपये है। इस योजना के तहत, किसानों को 90% की सब्सिडी प्राप्त होने से काफी लाभ होगा। पीएम - कुसुम स्कीम फेस-3 का कंपोनेंट बी विशेष रूप से 3, 5 एवं 7.5 एचपी तक की व्यक्तिगत क्षमता वाले सौलर ऊर्जा संचालित कृषि पंपों के इंस्टॉलेशन पर केंद्रित है। शक्ति पंप्स के चेयरमैन दिनेश पाटीदार ने कहा कि हम मैनेजमेंट की इस पहल के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। इस पहल से डिस्कॉम की अतिरिक्त सब्सिडी लोड में कमी आयेगी। इसके अलावा डीजल से सोलर पंप्स पर स्विच करने से आर्थिक बचत,



उर्जा स्वतंत्रता में वृद्धि, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन और वायु प्रदूषण को कम करके पर्यावरणीय लाभ होगा। हमें खुशी है कि पिछले तीन वर्षों से, शक्ति पंप्स लगातार कृषि पंपिंग क्षेत्र में किसानों की पहली पसंद रहा है।

श्री पाटीदार ने आगे कहा कि वे किसान जिन्होंने इलेक्ट्रिकल कनेक्शन के लिए आवेदन किया था और कनेक्शन का इंतजार कर रहे थे, वे सोलर पंप्स से अपग्रेड हो जायेंगे, जिस से डीजल पंप्स पर उनकी निर्भरता भी खत्म हो जायेगी। इतना ही नहीं, अब तक किसान मौसम के भरोसे रह कर केवल एक उपज ले पाते थे, अब वे बिजली की चिंता किये बिना पूरे साल खेती कर सकते है। इसके साथ ही किसान माइक्रो इरीगेशन टेक्निक 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' के सिद्धांत पर कृषि में उत्पादन को बढ़ा सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि सोलर पंप्स एक तरफ दैनिक खर्च को कम करते हैं। वहीं ऊर्जा के अतिरिक्त उत्पादन से होने वाली आय के माध्यम से किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में भी मदद करते हैं। शक्ति पंप्स, सोलर पंपिंग सॉल्यूशन में सस्टेनेबल इनोवेशन और विश्वसनीयता में सबसे आगे है तथा पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार भी है। कंपनी सोलर पंपिंग टेक्नोलॉजी के माध्यम से कृषि क्षेत्र में परिवर्तन लाने में सबसे आगे रही है। शक्ति पंप्स के सभी सबमर्सिबल पंप स्टेनलेस स्टील पर आधारित हैं, जो नयी तकनीक और मैन्युफेक्चरिंग में क्वालिटी का प्रमाण है। विशेष रूप से, शक्ति पंप्स को भारत का पहला 5 - स्टार रेटेड पंप मैन्युफेक्चरर होने का गौरव प्राप्त है, जो दुनिया भर के 125 से अधिक देशों में अपने प्रोडक्टस सप्लाय करता है और अपने स्वयं के सौलर पंप, मोटर, स्ट्रक्चर और कंट्रोलर, वीएफडी बनाता है।

# चार साल बाद लाहौर पहुंचे पूर्व प्रधानमंत्री शरीफ

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ लाहौर में मीनार-ए-पाकिस्तान पहुंचे। नवाज शाम करीब 5 बजे लाहौर एयरपोर्ट पहुंचे थे। कानूनी तौर पर 2018 में नवाज को चुनाव लड़ने के अयोग्य करार दिया गया था। उन्हें जेल से ही इलाज के लिए लंदन जाने की मंजूरी दी गयी थी। फिलहाल फौज उनके साथ है और इसीलिए कानूनी दिक्कतें नहीं हैं। 24 अक्टूबर को उन्हें परमानेंट बेल के लिए इस्लामाबाद हाइकोर्ट में पेश होना होगा।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**